डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-जब सुहागरात के दिन एक फोन कॉल पर गौरी को छोड़ इस एक्ट्रेस

वर्ष -08 अंक -206 | प्रयागराज, गुरुवार, 03 नवंबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### भारत जोड़ो यात्रा से बदलेगा देश का राजनीतिक परिदृश्य, राहुल गांधी से कार्यकर्ताओं को मिलती है

(आधुनिक समाचार सेवा)

**हैदराबाद।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा मूक क्रांति ला रही है जो राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर रख देगी। यह बात पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कही। बुधवार की यात्रा की शुरुआत से पहले खरगे ने भारत यात्रियों के साथ बातचीत की, जो हैदराबाद के बोवेनपल्ली में कन्याकुमारी से कश्मीर तक पूरी दूरी तय कर रहे हैं। खरगे ने कहा, 'हैदराबाद में बोवेनपल्ली में भारत यात्रियों के साथ बातचीत की। वे भी राहुल गांधी के साथ 3500 किमी चल रहे हैं। राहुल गांधी हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।' उन्होंने कहा, 'भारत जोड़ो यात्रा एक मूक क्रांति ला रही है जो राजनीतिक परिदृश्य को बदल देगी।' भारत जोड़ो यात्रा एमजीबी बजाज शोरूम, बालानगर मेन रोड, हैदराबाद सिटी से फिर से शुरू हुई, जिसमें राहुल गांधी के साथ-साथ अन्य भारत यात्रियों ने यात्रा के 56 वें दिन अपनी पैदल यात्रा जारी रखी। यात्रा का सुबह का ब्रेक होटल किनारा ग्रांड, हफीजपेट में होगा, जबकि पदयात्रा भेल बस स्टैंड से फिर से शुरू होगी। शाम को यात्रा समापन हरि दोष , मुथंगी के पास खत्म होगी, जबकि रात्रि विश्राम कौलमपेट के पास, गणेश मंदिर रुद्राम के सामने होगा। भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। पिछले हफ्ते तेलंगाना यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में पदयात्रा की थी।

## केरल के 7 विश्वविद्यालयों के कुलपति ने किया हाई कोर्ट का रुख,राज्यपाल के कारण बताओ नोटिस को रद करने की मांग की

(आधुनिक समाचार सेवा)

**तमिलनाडु।** केरल के राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान और विश्वविद्यालयों के कुलपति के बीच का मामला अब तक गरमाया हुआ है। बता दें कि आरिफ मुहम्मद खान ने एक कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसके खिलाफ अब 7 कुलपतियों ने केरल उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अदालत से नोटिस को रद करने की मांग की है और तर्क दिया है कि यह अवैध है। बता दें कि जस्टिस देवन रामचंद्रन की सिंगल बेंच आज इस पर विचार करेगी। केरल राजभवन पीआरओ के अनुसार, राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान ने 24 अक्टूबर की सुबह 11:30 बजे तक 9 विश्वविद्यालयों के कुलपति को इस्तीफा सौंपने का आदेश दिया था। राज्यपाल ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के समय यूजीसी के नियमों की अनदेखी हुई है। राज्यपाल के इस आदेश से राज्य की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट भी हैरान हो गई। एलडीएफ का मानना है कि राज्यपाल केरल में आरएसएस की विचारधारा को फैलाना चाहते हैं। बता दें कि कुछ विश्वविद्यालयों के कुलपती ने इस्तीफा देने से साफ इंकार कर दिया है। बाद में केरल हाई कोर्ट ने भी विश्वविद्यालयों के कुलपति को राहत दे दी थी। आरिफ मोहम्मद खान ने जिन विश्वविद्यालयों के कुलपति से इस्तीफा मांगा है उनमें केरल विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कन्नूर विश्वविद्यालय, एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, कालीकट विश्वविद्यालय और थुंचथ एजुथाचन मलयालम विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने आरिफ खान के फैसले को बेतुका बताया। उन्होंने 24 अक्टूबर को एक बयान में कहा था कि आरिफ खान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के उपकरण के रूप में काम कर रहे हैं। वह राज्य में विश्वविद्यालयों के कामकाज को बाधित करने का प्रयास कर रहे है। सीएम ने आरिफ पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। ये अलोकतांत्रिक है और कुलपतियों की शक्तियों क अतिक्रमण है। सीएम ने कहा कि राज्यपाल का पद संविधान की गरिमा को बनाए रखना है न कि सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों से कुलपति को हटाने का राज्यपाल के पास कोई ऐसा अधिकार नहीं है और न ही ऐसा कोई यूनिवर्सिटी एक्ट है।हाल ही में एक कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ खान ने केरल के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के मुदे पर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि कुलपति की नियुक्ति की जिम्मेदारी राज्यपाल की होती है। उन्होंने कहा, ठसुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि कुलपति की नियुक्ति ही कुलाधिपति की जिम्मेदारी है।



## पीएम मोदी ने 3000 से ज्यादा परिवारों को सौपा ईडब्लूएस फ्लैट की चाबी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली के कालकाजी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 3,024 नवनिर्मित फ्लैट सौंपेंगे। यह फ्लैट 'इन-सीटू स्लम पुनर्वास' परियोजना के तहत बनाए गए हैं। पीएम मोदी भूमिहीन शिविर में पात्र लाभार्थियों को फ्लैटों की चाभी सौंपेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है। पीएमओ ने बताया कि सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा 376 झुग्गी झोपड़ी समूहों में 'इन-सीटू झुग्गी पुनर्वास' किया जा रहा है। पुनर्वास परियोजना का उद्देश्य क्लस्टरों के निवासियों को उचित सुविधाओं के साथ एक बेहतर और स्वस्थ रहने का वातावरण प्रदान करना है। डीडीए ने कालकाजी एक्सटेंशन, जेलोरवाला बाग और कठपुतली कॉलोनी में ऐसी तीन परियोजनाएं शुरू की हैं। कालकाजी विस्तार परियोजना के तहत तीन स्लम समूहों अर्थात् भूमिहीन कैंप, नवजीवन कैंप और कालकाजी स्थित जवाहर कैंप के इन-सीटू स्लम पुनर्वास का काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। साथ ही पीएमओ ने बताया कि पहले चरण के तहत पास के खाली कमर्शियल केंद्र स्थल पर 3024 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण किया गया है। भूमिहीन शिविर में झुग्गी-झोपड़ी स्थल को भूमिहीन शिविर के पात्र परिवारों को नवनिर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में पुनर्वासित करके खाली किया जाएगा। दूसरे चरण में इस खाली स्थल का उपयोग नवजीवन शिविर और जवाहर शिविर के पुनर्वास के लिए किया जाएगा। परियोजना का पहला चरण पूरा हो गया है और 3024 फ्लैट में लोग रहने के लिए तैयार हैं। इन फ्लैटों का निर्माण लगभग रुपये 345 करोड़ रुपये से किया गया है। ये फ्लैट सभी नागरिक सुविधाओं से लैस हैं। इनमें विट्रिफाइड फ्लोर टाइल्स, सिरेमिक टाइल्स, किचन में उदयपुर ग्रीन मार्बल काउंटर आदि के साथ फिनिशिंग की गई है। इन फ्लैटों में रहने वाले लोगों के लिए सामुदायिक पार्क, बिजली सब-स्टेशन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, दोहरी पानी की पाइपलाइन, लिफ्ट, स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए भूमिगत जलाशय आदि जैसी सार्वजनिक सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं।



## नागपुर में निवेश पर थिंक टैंक से सहयोग लेगा टाटा गडकरी के पत्र का दिया जवाब

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मुंबई।** टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के पत्र का जवाब दिया। दरअसल गडकरी ने पिछले माह अपने गृहनगर नागपुर में निवेश करने के लिए एक पत्र लिखा था। उन्होंने नागपुर शहर में इंफ्रास्ट्रक्चर, जगह की उपलब्धता और कनेक्टिविटी संबंधित विशेषताओं का उल्लेख करते हुए निवेश का न्योता दिया था। केंद्र सरकार में सड़क एवं परिवहन विभाग के मंत्री नितिन गडकरी ने टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को 7 अक्टूबर को पत्र लिखा था। इस पत्र में नागपुर क्षेत्र में मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल हब एयरपोर्ट में 3,000 एकड़ से अधिक भूमि का जिक्र भी किया था।19 अक्टूबर को चंद्रशेखरन ने गडकरी को लिखा, 'हमारी टीम निश्चित तौर पर विदर्भ इकोनामिक डेवलपमेंट काउंसिल के सदस्यों के साथ संपर्क में रहेगी, क्योंकि हम समूचे टाटा ग्रुप में नए निवेश के मौके पर विचार करेंगे।

## जलवायु संकट से कराहती मानवता, पाकिस्तान में बाढ़ और यूरोप भीषण गर्मी इसी के परिणाम

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** आगामी छह से 18 नवंबर के बीच मिस्र के शर्म अल-शेख में 27वां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन आयोजित होना है। इसका उद्देश्य जलवायु आपदा की ओर ध्यान आकृष्ट करना और जलवायु परिवर्तन को रोकने की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बढ़ते वैश्विक तापमान, बेमौसम बाढ़ एवं सूखा, पानी की कमी, पैदावार में गिरावट, खाद्य असुरक्षा और जैव वैविधता का ह्रास, प्रदूषण और बढ़ती गरीबी तथा विस्थापन से जूझती दुनिया एकजुट होकर मानवता की रक्षा के निमित्त धरती की सुरक्षा के लिए एकजुटता दिखाएगी। जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के मद्देनजर दुनिया को एक मंच पर लाने की दिशा में ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हो जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होने और साझा प्रयासों में ही जलवायु परिवर्तन का समाधान निहित है। 2021 में ग्लासगो में आयोजित काप-26 सम्मेलन में विकसित देशों द्वारा 2050 तक कार्बन उत्सर्जन पर रोक लगाने को लेकर सहमति बनी थी, जबकि 2015 के पेरिस जलवायु सम्मेलन को 'अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन' के गठन और पृथ्वी के औसत तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की प्रतिबद्धता के लिए याद किया जाता है। जलवायु परिवर्तन इस सदी की प्रमुख समस्या है। यह संकट मानवता के अस्तित्व के लिए चुनौती बनता जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन के एजेंडे में जलवायु तबाही के कारण आर्थिक नुकसान के मुआवजे को भी शामिल किया गया है।



## महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट से जुड़े मामलों पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट से जुड़ीं उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुटों द्वारा दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई 29 नवंबर तक के लिए टाल दी। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने वकीलों से कहा कि वे चार हफ्ते में मामले का संकलन पूरा कर लें और विचार के लिए प्रमुख मुद्दे तैयार कर लें। पीठ में जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि वकील जावेद उर रहमान और चिराग शाह एक-एक पक्ष से नोडल वकील के रूप में काम करेंगे और वे ही इस कवायद को चार हफ्ते में पूरा करेंगे।

## स्कूल के लंच बाक्स से लेकर विश्वविद्यालय की कैंटीन तक में शामिल होगा मोटा अनाज

(आधुनिक समाचार सेवा)


**नई दिल्ली।** पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाज की खूबियों से अब न सिर्फ पूरी दुनिया परिचित होगी बल्कि हमारे बच्चों के टिफिन और स्कूलों में मिलने वाले दोपहर खाने में भी इसे जगह मिलेगी। शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज (मिलेट्स) वर्ष के रूप में मनाने के संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा के बाद यह कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र ने यह घोषणा भारत की पहल पर किया था। इसके तहत स्कूल में बच्चों को सप्ताह में कम से कम एक दिन टिफिन में मोटे अनाज से बना कोई पकवान या खाद्य सामग्री लानी होगी। इस पर अमल की शुरुआत अगले साल जनवरी होगी और आगे भी जारी रहेगी। मंत्रालय ने इसके साथ ही सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से कैंटीन में मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कहा है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मोटे अनाज को इनमें शामिल करने का सुझाव दिया है। सभी शैक्षणिक संस्थानों से मोटे अनाज से बनने वाले पकवानों की एक सूची भी तैयार करने को कहा है। इस सूची को संस्थानों की कैंटीन और मेस में प्रमुखता से प्रदर्शित करने का भी सुझाव दिया है। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को मोटे अनाज और उसके फायदों से परिचित कराना और उन्हें जागरूक करना है।




## पद्मनाभस्वामी मंदिर से निकला भव्य जुलूस, पांच घंटे तक बंद रहा तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**तिरुवनंतपुरम।** दशकों से शाही परिवार के जरिये किए जाने वाले श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर की पंरपरागत धार्मिक यात्रा के लिए मंगलवार को रनवे का रास्ता खोल दिया गया। हालांकि इस दिव्य मार्ग के लिए एयरपोर्ट पर पांच घंटे तक विभिन्न उड़ानों को स्थगित रखा गया। दस बड़ी विमानन कंपनियों की फ्लाइट रोकी गई एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, तिरुअनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर अरबिया समेत दस बड़ी विमानन कंपनियों की कम से कम दस उड़ानों को रोका गया है। यह एयरपोर्ट साल में दो बार इस धार्मिक यात्रा के लिए उड़ानों को रोकता है और हवाई यात्राओं के समय में हेरफेर करता है, ताकि दशकों से चली आ रही परंपराओं का निर्वाह करने के साथ ही सदियों पुराने मंदिर के आयोजन को एयरपोर्ट के रनवे से गुजारा जा सके।1932 में एयरपोर्ट बनने के बाद भी जारी है परंपरा वर्ष 1932 में एयरपोर्ट बनने के बाद भी मंदिर से जाने वाली शंघमुगम तट तक धार्मिक यात्रा के दिव्य मार्ग को अनवरत जारी रखा गया है। इतिहासकारों के अनुसार, जब एयरपोर्ट के लिए जमीन का निर्धारण किया जा रहा था तो वह जगह धार्मिक यात्रा के रास्ते में आ रही थी। भगवान के लिए बंद रहता है एयरपोर्ट तब त्रावणकोर के राजा श्री चिथिरा थिरुनल ने कहा कि साल के 363 दिन यह मार्ग जनता के लिए होगा, लेकिन दो दिन भगवान पद्मनाभ के लिए रहेगा। राजा के समय से निभाई जा रही यह परंपरा पिछले साल एयरपोर्ट प्रबंधन अडाणी ग्रुप के हाथ में आने के बाद भी नियमानुसार जारी है। इस धार्मिक आयोजन के लिए एयरपोर्ट साल में दो बार नोटम (नोटिस टु एयरमैन) जारी करता है।





## पीएम मोदी ने कहा- ये वैश्विक संकट का दौर है, लेकिन भारत है ब्राइट स्पॉट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'इनवेस्ट कर्नाटक 2022-ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' का उद्घाटन किया। निवेश कर्नाटक 2022 के उद्घाटन समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह वो जगह हैं जहां हर तरफ प्राकृति और संस्कृति का अद्भुत संगम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में दुनिया के कोने से आए सभी साथियों का भारत में स्वागत है। आपका कर्नाटक के बेंगलुरु में स्वागत है। यह वो जगह है जहां परंपरा भी है और तकनीकी भी है। पीएम नरेंद्र मोदी 'इन्वेस्ट कर्नाटक 2022' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस दौरान उन्होंने कहा कि जब भी टेलेंट और टेक्नोलॉजी की बात आती है, तो दिमाग में जो नाम सबसे पहले आता है, वो है ब्रांड बेंगलुरु... और ये नाम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में स्थापित हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि यह दौर अर्थव्यवस्था और अनिश्चितता का है, लेकिन तमाम देश एक बात को लेकर आश्वस्त हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आधार मजबूत है। यह भले ही वैश्विक संकट का दौर है, लेकिन दुनियाभर के विशेषज्ञों, विश्लेषक और अर्थव्यवस्था के जानकार भारत को ब्राइट स्पॉट बता रहे हैं। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि हम निवेशकों को रेट टेप के जाल में उलझाने के बजाय रेड कार्पेट का माहौल बनाया है। हमने नए-नए उलझाऊ कानून बनाने के बजाय उन्हें युक्तिसंगत बनाया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के युवा बीते वर्षों में अपने यहां 100 से ज़्यादा यूनिकॉर्न बना चुके हैं। भारत में 8 साल में 80, 000 से ज़्यादा स्टार्टअप्स बने हैं। हमारा मकसद उत्पादकता को बढ़ाना भी है और ह्यमन केपिटल को मज़बूत करना भी है। वक्ताओं में अन?य लोगों के अलावा कुमार मंगलम बिड़ला, सज्जन जिंदल, विक्रम किर्लोस्कर सहित उद्योग जगत के कुछ शीर्ष नेता शामिल हैं। इसके साथ ही, तीन सौ से अधिक प्रदर्शकों के साथ कई व्यावसायिक प्रदर्शनियां और देश के सत्र समानांतर रूप से चलेंगे। देश के सत्रों की मेजबानी अलग-अलग - जर्मनी, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया करेंगे जो अपने-अपने देशों से उच्चस्तरीय मंत्रिस्तरीय और औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल ला रहे हैं। कार्यक्रम के संबंध में कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री मुरुगेश आर. निरानी ने कहा कि इसमें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भगवंत खुबा और नितिन गडकरी शामिल होंगे। उद्योग मंत्री मुरुगेश आर. निरानी ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट मजबूत औद्योगिक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का प्रदर्शन करेगा, वैश्विक खिलाड़ियों से निवेश आकर्षित करेगा, और राज्यभर में औद्योगीकरण का प्रसार करेगा। राज्य को इस आयोजन के माध्यम से निवेश में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक और 5 लाख नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। कर्नाटक भारत और दुनिया भर के विभिन्न व्यापारिक घरानों के साथ साझेदारी करने पर विचार कर रहा है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि बैठक में भाग लेने के लिए लगभग 5,000 से अधिक वैश्विक प्रतिनिधि आएंगे। यह समकालीन विषयों के साथ जीआईएम वैश्विक नेताओं के साथ जुड़ने, सहयोग करने और नेटवर्क बनाने का एक अवसर होगा।



## केंद्र का बड़ा फैसला, कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को डीजल पर निर्यात शुल्क बढ़ा दिया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, केंद्र सरकर ने डीजल पर निर्यात शुल्क 12 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 13 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी वित्त मंत्रालय के मुताबिक, सरकार ने 2 नवंबर से विंडफॉल टैक्स में संशोधन किया है। इसके साथ ही कच्चे पेट्रोलियम पर निर्यात शुल्क 11,000 रुपये प्रति टन से घटाकर 9500 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। इसके अलावाँ ऊइ पर निर्यात शुल्क 3.50 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 5 रुपये प्रति लीटर किया गया है।केंद्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, यह कटौती दो नवंबर 2022 से लागू होगी।इससे पहले केंद्र सरकार ने सितंबर माह के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कमी आने के बाद घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन पर विंडफॉल टैक्स 13300 से घटाकर 10500 रुपये प्रति टन कर दिया था। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2022 को पेट्रोलियम उत्पादों पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाने की घोषणा की थी। उस दौरान केंद्र सरकार ने पेट्रोल के साथ डीजल और एटीएफ पर भी कर लगाया था। हालांकि, केंद्र सरकार ने बाद की इसे लेकर समीक्षा की थी। जिसके बाद इसे पेट्रोल को बाहर कर दिया गया था। इससे पहले 31 अगस्त को समीक्षा बैठक में घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 13,000 से बढ़ाकर 13,300 कर दिया गया था।



# दीपांशु का जी ए स टी निरीक्षक मे चयन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कलयुग मे भी भाई भाई के प्रेम की सीख् देती एक अनोखी दास्ताँ दीपाँशु पुत्र स्वर्गीय श्री धर्मवीर सिँह छोक्कर जिनके पिता जी का देहाँत बचपन मे ही हो गया था । 03 वर्ष की बाल्यावस्था से ही बडे भाई ओमवीर सिँह छोक्कर ने दीपाँशु को अपने बेटे की तरह पाला और पिता के हर दायित्व का निर्वहन किया । इतनी महंगाई के जमाने मे परिवार का पालन पोषण करना कितना मुश्किल है ये तो हम सभी को पता है । फिर भी भाई ने दीपाँशु की पढाई मे कोई कसर ना छोडी और दीपाँशु को गालगोतिया विश्वियालय् से अभियांत्रिकी कराकर वर्तमान मे प्रशानिक सेवाओं की तैयारी हेतु दिल्ली भेज रखा था और दीपँशु ने भी अपनी महनत मे कोई कसर नही छोडी और बडे भाई के तप और त्याग को व्यर्थ नही जाने दिया और दोनो की तपस्या का ही नतीजा है कि आज हमारा पूरा गुज्जर समाज प्यारे भतीजे दीपाँशु की सफलता पर गौरवांवित महसूस कर रहा है । बडे भाई आपने जो उदाहरण आज समाज मे एक भाई होने के नाते पेश किया है वह वास्तव मे अनुसरणीय है ।



# बेटो ने कराया अपने मां बाप से अपनी ही शॉप का उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में 30 फीट रोड निकट कालीबाड़ी राजरूपपुर प्रयागराज ओम शिव फोटो स्टेट स्टेशनरी एवं गिफ्ट शॉप की शॉप का उद्घाटन तीनों बेटे ने अपने मां-बाप से फीता कटवा कर करवाया और समाज में एक अच्छा मैसेज दीया और बेटों का कहना यही था कि मां बाप का आशीर्वाद यह हमारे लिए सबसे बड़ी तरक्की का रास्ता हैं जिसकी वजह से हमारा कोई भी कार्य रुक नहीं सकता और हम लोग अपने आपको बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं और यही कहना चाहेंगे आप सब भी ऐसा करके आने वाले समय में एक हमारे और हमारे समाज में अच्छा मैसेज आएगा, जिस में उपस्थित राजरूपपुर के पार्षद अखिलेश सिंह जूही सेवा संस्थान के अध्यक्ष जूही श्रीवास्तव और नीरज वर्मा, दुर्गेश वर्मा, ङपिता दयाशंकर वर्मा,माता रीता वर्मा सुरेश चंद्र वर्मा, गोपाल जी स्वर्णकार, निधि वर्मा ,पूनम वर्मा उपस्थित रहे।



# शास्त्री पुल पर जाम से जूझते रहे लोग रोडवेज की बसों का बदला मार्ग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** शास्त्री पुल से गुजरने वाले हजारों लोगों को रोजाना जाम की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। खास यह कि रोडवेज की बसों का मार्ग तो बदल दिया गया है लेकिन प्राइवेट बसों का आवागमन बेरोकटोक जारी रहा। जाम में फंसे लोगों का यही कहना था कि 'डीएम साहब! कांवड़ यात्रा के दौरान जो व्यवस्था थी उसे ही लागू कर देते।' शास्त्री पुल पर मरम्मत कार्य चलने की वजह से एक लेन में आवागमन प्रभावित है। खास यह कि सावन महीने में कांवड़ यात्रा के लिए एक लेन पर आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित था। इसके बावजूद इस कदर जाम नहीं लगा था। इससे यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी है। गौर करने वाली बात यह भी है कि लोगों की समस्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से कुछ निर्देश जारी किए गए हैं लेकिन उन पर भी अमल होता नहीं दिखा। इसके तहत बसों का रूट बदल दिया गया है। शास्त्री पुल के बजाय अब बसें फाफामऊ से जाएंगी। डीएम के इस आदेश पर रोडवेज की बसों का मार्ग तो बदल दिया गया लेकिन निजी बसों का शास्त्री पुल पर आवागमन देर शाम तक जारी रहा। इससे जाम की समस्या बनी रही। मरम्मत वाले लेन पर चल सकेंगे दो पहिया वाहन जाम से निजात के लिए बसों को डायवर्ट करने के साथ कई अन्य निर्देश भी दिए गए हैं। इसके तहत मरम्मत वाले लेन पर दो पहिया वाहनों का आवागमन होता रहेगा। चूंकि लेपन के लिए बुधवार की सुबह तारकोल सड़क पर फैला दिया गया था। इसकी वजह से लोगों के वाहन एवं पैर उसमें चिपकने लगे थे। इससे दुर्घटना की भी आशंका बन गई थी। इसे देखते हुए लेपन का काम सिर्फ रात में ही करने का आदेश दिया गया है। दिन में लेपन कार्य नहीं होगा। कांवड़ यात्रा की तरह एक लेन पर आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की जरूरत नहीं है। चार-पांच दिनों में ही एक लेन का काम पूरा हो जाएगा। मरम्मत कार्य के बीच दो पहिया वाहनों का आवागमन हो सकता है। इसकी छूट भी दे दी गई है। बसों का रूट बदलने का भी निर्देश दिया गया है। अन्य जरूरी कदम भी उठाए गए हैं।



# निकाय चुनाव के लिए वोटर लिस्ट है तैयार, पोलिंग सेंटर में जाकर 7 नवम्बर तक नाम जुड़वा या संशोधन करवा सकते हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** निकाय (नगर निगम/म्यूनिसिपल) चुनाव के लिए वोटर लिस्ट तैयार हो चुकी है। मतदाताओं के लिए यह लिस्ट हर पोलिंग सेंटर में 7 नवम्बर तक रखी हुई है ताकि वह आकर अपना नाम जुड़वाने या किसी और संशोधन के लिए आवेदन कर सकें। वोटर लिस्ट में नाम सम्मिलित किये जाने, संशोधन किये जाने एवं किसी नाम पर आपत्ति के लिए निर्धारित फ़ॉर्म दिए जाएंगे। आपत्तियों के लिए निर्धारित प्रपत्रों को भरकर मतदान स्थलों पर नियुक्त बी0एल0ओ0 या नगर निगम या नगर पंचायत कार्यालय या सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय पर नियुक्त कर्मचारी को दिया जा सकता है। यह जानकारी एडीएम (राजस्व एवं वित्त) ने आम जनमानस के लिए दी है।



# डॉ. प्रोबाल नियोगी एसोसिएशन सर्जन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

**एएसआई के 84 साल के इतिहास में प्रयागराज से चुने जाने वाले बने पहले सर्जन**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रोबाल नियोगी को एसोसिएशन सर्जन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। एएसआई के 84 साल के इतिहास में इस पद पर चुने जाने वाले प्रयागराज के पहले सर्जन हैं। उत्तर प्रदेश से इससे पहले मात्र 6 सर्जन इस कुर्सी तक पहुंचने में सफल रहे हैं। अध्यक्षीय पद के लिए वोटिंग 1 अक्टूबर से शुरू हुई थी जो 31 अक्टूबर तक चली। उन्होंने ऑनलाइन वोटिंग में एकतरफा मुकाबले में तेलंगाना के डॉ. सीआरके प्रसाद के 1135 मतों के मुकाबले 5114 मत प्राप्त कर भारी मतों के अंतर से हरा दिया। मंगलवार को चेन्नई स्थित एसोसिएशन के मुख्यालय में हुए मतगणना में इसकी घोषणा की गई तो शहर के सर्जनों में खुशी की लहर दौड़ गयी। जीत के बाद, डॉ नियोगी ने कहा, ठमैं एसोसिएशन सर्जन ऑफ इंडिया को नयी ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूँ। डॉ. प्रोबाल नियोगी ने एमबीबीएस की पढ़ाई एएफएमसी पुणे से की थी। उसके बाद मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से सर्जरी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया और पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद डॉ नियोगी ने इंग्लैंड से एफआरसीएस की डिग्री प्राप्त की। उसके बाद मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुए। इस उपलब्धि के लिए इलाहाबाद सर्जन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। यूके में एक आरामदायक नौकरी के बावजूद, वह अपने बूढ़े माता-पिता के साथ रहने के लिए 2000 में भारत लौट आए। 2002 में वह एमएलएन मेडिकल कॉलेज में लेक्चरर के रूप में शामिल हो गए, जहाँ वह अभी भी सर्जरी के प्रोफेसर के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 20,000 से अधिक सर्जरी किए हैं। उन्होंने 30 से अधिक शोधों का मार्गदर्शन किया है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों जर्नलस में उनके कई लेख व रिसर्च पेपर छपे हैं। अध्यक्ष का पद संभालने से पहले, वह पिछले 20 वर्षों में सिटी ब्रांच से लेकर स्टेट चैप्टर और फिर नेशनल बॉडी तक सभी स्तरों पर एसोसिएशन सर्जन ऑफ इंडिया (एएसआई) की सेवा कर चुके हैं। वर्तमान में, वह एएसआई के उत्तर प्रदेश अध्याय के उपाध्यक्ष/राष्ट्रपति चुनाव 2022 के पद पर थे।



# देव दीपावली पर 11 लाख दीपों से जगमग होंगे संगम समेत अन्य घाट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** देव दीपावली पर्व के अवसर पर 11 लाख दीपों से संगम समेत सारे घाटों को सजाया जायेगा। साथ में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो का भी आयोजन किया जायेगा। सेल्फी प्वाइंट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो का भी होगा आयोजन जिलाधिकारी संजय खत्री ने मंगलवार एक बैठक में सीएमओ नानक सरन को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। उन्होंने मार्गों पर साइनेज तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को देव दीपावली पर्व पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने, नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर, मोबाइल ट्वायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। विकास प्राधिकरण के द्वारा सभी चैराहों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट एवं सैण्ड आर्टस आदि की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने शास्त्री ब्रिज एवं नए यमुना ब्रिज पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पाण्डेय ने देव दीपावली पर्व के अवसर पर पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक नगर को कहा है। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, सभी अपर जिलाधिकारीगण, पुलिस अधीक्षक नगर, एस0डी0एम0 मेला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# इसरो वैज्ञानिक प्रो. रैमिल्ला बोले- सेटेलाइट इमेज से होगा भ्रष्टाचार का खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में बुधवार को व्याख्यान देने आए इसरो के वैज्ञानिक डॉ.मूर्ति रैमील्ला ने बताया कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित हो रही है। आने वाले समय में दैनिक जीवन में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। आने वाले समय में सेटेलाइट इमेज से भ्रष्टाचार का खुलासा होगा। पुल, हाईवे के निर्माण जैसी बड़ी परियोजनाओं के आंकड़े छिपाने वाले रंगे हाथों पकड़े जाएंगे। यह सब अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग से संभव हो सकेगा। चुटकी बजाते ही पता चल जाएगा कि कागज पर क्या रिपोर्ट दी गई है जबकि मौके पर क्या स्थिति है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में बुधवार को व्याख्यान देने आए इसरो के वैज्ञानिक डॉ.मूर्ति रैमील्ला ने बताया कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित हो रही है। आने वाले समय में दैनिक जीवन में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में इस पर काम शुरू भी हो चुका है। सेटेलाइट इमेजरी सिस्टम से पता लगाया जा रहा है कि देश में गेहूं की कितनी फसल रोपी गई और अनुमानित उत्पादन क्या होगा।बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा पर नियंत्रण के लिए भी सेटेलाइट इमेज मददगार साबित होगी। सरकार चाहे तो अवैध खनन, नदियों के किनारे तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण, प्रदूषण पर नियंत्रण आदि के लिए भी सेटेलाइट इमेज का उपयोग कर सकती है। स्थानीय प्रशासन भी इसकी मदद से बेहतर काम कर सकता है। अधिकतर राज्यों में स्पेस अप्लीकेशन सेंटर बनाए गए हैं।







# राम मंदिर आंदोलन की तरह नदियों की रक्षा के लिए चले अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अलोपीबाग स्थित स्वामी वासुदेवानंद आश्रम में गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि मां गंगा और उसकी सहायक नदियों के साथ, तालाबों, पोखरों एवं प्राकृतिक संपदा का सम्मान जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुषांगिक संगठन गंगा समग्र काशी प्रांत की बैठक में गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता को लेकर मंथन हुआ। गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह की मौजूदगी में इस बात पर जोर दिया गया कि नदियों, तालाबों, झीलों और पर्यावरण की रक्षा के लिए राम जन्मभूमि आंदोलन की तर्ज पर समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को एकजुट करते हुए अभियान चलाया जाए। अलोपीबाग स्थित स्वामी वासुदेवानंद आश्रम में गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि मां गंगा और उसकी सहायक नदियों के साथ, तालाबों, पोखरों एवं प्राकृतिक संपदा का सम्मान जरूरी है। गंगा को अविरल और निर्मल करने के लिए उन्होंने पुराने ग्रामीण जनजीवन की अर्थव्यवस्था की भी याद दिलाई। कहा कि किस प्रकार से बरसात के दिनों में और तालाब में पानी का जलस्तर गंगा के जलस्तर के साथ बढ़ता था। गंगा में पानी कम हो तो कुएं और तालाब से पानी का जलस्तर मेंटेन किया जाता था। यह एक प्राकृतिक टेक्नोलॉजी है, इसे कार्यकर्ताओं को समाज में पहुंचकर बताना पड़ेगा। इस अवसर पर काशी प्रांत संगठन मंत्री अमरीश ने सरसंघचालक मोहन भागवत के कथनों का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रयागराज और काशी, गंगा समग्र के राष्ट्रीय आयाम का वह स्थान बनेगा, जहां से यह आंदोलन उठ खड़ा हो रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत सह संचालक अंगराज सिंह , काशी प्रांत गंगा समग्र संयोजक राकेश, नीरज चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे उधर, गंगा समग्र की ओर से शाम को गंगा रक्षिता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें पूर्व आईजी केपी सिंह ने कहा कि दुनिया में गंगा ही एक ऐसी नदी है, जो अपनी गंदगी को स्वयं साफ करती है। हम समाज के लोगों को और प्रशासन के साथ मिलकर गंगा समग्र के साथ कदम से कदम मिलाकर काम करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि गंगा और यमुना के किनारे के पुराने बड़े घाटों और मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाए तो वहां पहुंचने वाले लोगों में एक आस्था का विश्वास जगेगा और साथ ही गंगा के सहारे किनारे रहने वाले लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। गंगा की अविरलता के लिए आगे आएं बहनें गंगा समग्र के गंगा सेविका का अभ्यास वर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सिविल लाइंस स्थित एक होटल में हुआ। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गंगा समग्र के तमाम आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बहनों से गंगा एवं पर्यावरण के साथ संतुलित जीवन के लिए प्रेरित किया। कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों और प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित तथा संरक्षित रखने में माताओं बहनों का हमेशा अमूल्य योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि उन्हें आगे आकर गंगा समग्र के माध्यम से एक बार मां गंगा की अविरलता और निर्मलता को गति देना होगा। काशी प्रांत संगठन मंत्री अमरीश जी ने कहा कि आज मां गंगा और हमारी बहनें एक साथ खड़ी हैं।



# ज्ञानवापी परिसर में दोबारा सर्वे कराने की मांग पर 11 नवम्बर को होगी सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद में मई में एडवोकेट कमिश्?नर की सर्वे की कार्यवाही के दौरान तहखाने और ईंटों से बंद कर दिए गए कमरों और मिट्टी में पाटे गए हिस्सों का जगहों पर? मिट्टी भरे होने की वजह से ज्ञानवापी के समूचे परिसर का सर्वे नहीं हो सका था। ऐसे में हिंदू पक्ष प्रारंभिक सर्वे में हिंदू मंदिर होने के साक्ष?य को और भी पुख?ता करने के लिए इन हिस्?सों के सर्वे स्वीकार कर ली थी। बुधवार को तहखाने का सर्वे कराने सबंधित अर्जी के अलावा कारमाइकल लाइब्रेरी में मिली लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति को संरक्षित करने की अर्जी पर भी अदालत में सुनवाई के बाद

सर्वे न हो पाने के बाद हिंदू पक्ष ने अदालत से दोबारा ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कराने की मांग की थी। ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे की मांग को लेकर सुनवाई आज बुधवार दोपहर बाद हुई तो अदालत ने 11 नवंबर को सुनवाई की अगली तारीख दी है। दरअसल समूचे परिसर में सर्वे करने को लेकर अदालत का आदेश आने के बाद एडवोकेट कमिश?नर की कार्यवाही शुरु हुई तो कई हिस्?से ऐसे थे जिनको ईंटों से बंद कर दिया गया था। वहीं तहखाने सहित कुछ की मांग कर रहा है। ज्ञानवापी परिसर स्थित मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन समेत अन्य मांगों को लेकर राखी सिंह सहित पांच महिलाओं की ओर से दाखिल मुकदमे की सुनवाई बुधवार को जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में होने जा रही है। पिछली सुनवाई में ज्ञानवापी परिसर के बंद तहखाना के सर्वे की मांग पर मस्जिद पक्ष ने जवाब देने के लिए समय मांगा था। अदालत ने इस बाबत मस्जिद पक्ष पर 100 रुपये का हर्जाना लगाते हुए मांग 11 नवंबर की तारीख दे दी गई। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम परिसर के सुंदरीकरण और विस्तारीकरण में कारमाइकल लाइब्रेरी को ध्वस्त किया गया था। लाइब्रेरी में दो फीट ऊंची लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति मिली थी। राखी सिंह की ओर से प्रार्थना पत्र देकर मूर्ति को संरक्षित रखने आदेश देने की कोर्ट से मांग की गई थी। इसके साथ ही अदालत में दोनों पक्षों की ओर से केस को लेकर सुबह से ही तैयारियों को लेकर आपस में विचार विमर्श किया गया।

# अस्पताल से फरार बंदी की पूरी रात तलाश करती रही देवरिया पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवरिया।** महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से फरार कैदी की कोतवाली पुलिस पूरी रात शहर के विभिन्न क्षेत्र में तलाश करती रही, लेकिन बंदी पुलिस कर्मियों के हाथ नहीं लगा। उधर, बंदी के



फरार होने के मामले में डिप्टी जेलर की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही अधिष्ठान प्रभारी गोरखपुर ने ड्यूटी में तैनात दो जेल के बंदी रक्षक वृद्धि चंद व हीरालाल को निलंबित कर दिया है। मंगलवार की रात करीब 8.20 बजे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया से कैदी प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल जेल पुलिस की अभिरक्षा से फरार हो गया। उसने कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में बीते 28 सिंतबर की रात पूजा (35) की हत्या कर दी थी। कुशीनगर पुलिस ने 28 अक्टूबर को अयोध्या जनपद के इनायनत नगर थाना क्षेत्र के गहनो खिहारन बारून बाजार के रहने वाले प्रवीन उर्फ प्रदीप पाल को गिरफ्तार कर 28 अक्टूबर को जिला जेल में दाखिल किया था। पुलिस के अनुसार, सोमवार की शाम बंदी प्रवीन की अचानक तबियत खराब होने पर जेल पुलिस की अभिरक्षा में उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया के मेडिकल वार्ड के बेड नंबर 17 पर भर्ती कराया गया था। मंगलवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह शौचालय के लिए गया था। काफी देर बाद जब वह शौचालय का दरवाजा नहीं खोला तो सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को शक हुआ। आवाज देने पर अंदर से जवाब नहीं मिला। दरवाजे को धक्का देकर खोला तो देखा कि खिड़की टूटी हुई थी और बंदी गायब था। यह देख जेल पुलिस के होश उड़ गए। बंदी प्रवीन रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज में 28 सितंबर की रात अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था, लेकिन मुलाकात न होने पर चुपके से जाकर अपरिचित पूजा के घर में छिप गया। इसके बाद रात में प्रेमिका के भाइयों को फंसाने के लिए बिस्तर पर सो रही पूजा की हत्या कर दी।

# वाराणसी में तमिल समागम में आ सकते हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, 17 नवंबर से एक माह तक चलेगा विविध कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत काशी में तमिल समागम का शुभारंभ 17 नवंबर से होगा। एक माह तक चलने



वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की संभावना हैं। इससे पूर्व चार नवंबर को केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान काशी हिंदू विश्वविद्यालय में तमिल समागम की अब तक की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कमिश्नरी सभागार में तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान इसके संकेत दिए और अधिकारियों को इसकी तैयारी में अभी से जुटने का भी निर्देश दिया।प्रधानमंत्री की एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु प्रदेश के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक, औद्योगिक, खानपान, शिक्षा, मेडिकल, कृषि सहित अन्य सभी क्षेत्रों की संस्कृति व सभ्यता का आदान-प्रदान के दृष्टिगत इस कार्यक्रम का आयोजन यहां हो रहा है। एक माह तक चलने वाले तमिलनाडू समागम के लिए भारत सरकार के एजुकेशन डिपार्टमेंट नोडल है। पिछले दिनों एडीशनल सेक्रेटरी विनीत जोशी, ज्वाइंट सेक्रेटरी एजुकेशन नीता प्रसाद ने कमिश्नर समेत अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर रुपरेखा तय की थी। जिले में बीएचयू को नोडल डिपार्टमेंट घोषित किया गया है। समागम में आईआरसीटीसी की ओर से तमिलनाडु से दो-ढाई सौ के ग्रुप में दो-दो दिन के अंतराल पर वहां के हर वर्ग के लोगों को काशी लाया जाएगा। इसमें धार्मिक परंपरा व मान्यताओं, संगीत कला परंपरा व संस्कृति, छात्र व शिक्षक, लेक्चरर ग्रुप, स्पीरिचुअल ग्रुप, ओडीओपी के तहत विभिन्न उत्पादों हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट के कारीगर, किसान, उद्योग एवं व्यापार के तहत व्यापारियों का ग्रुप, धरोहरों से जुड़े लोग यहां आएंगे।शिक्षा संबंधित कार्यक्रम बीएचयू में, कल्चरल प्रोग्राम मुरारका अस्सी में, डाक्टर्स के कार्यक्रम आईएमए में होंगे। आर्टिजन व वीवर्स के कार्यक्रम टीएफसी में होंगे। तमिलनाडु और काशी के संबंध को और मजबूत करने के लिए दोनों स्थानों के खानपान, लोक कला व संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन भी एक साथ यहां होंगे। तमिलनाडु से आने वालों को पहले दिन श्रीकाशी विश्वनाथधााम के संग काशी दर्शन कराया जाएगा। बैठक में पुलिस कमिश्नर के सतीश गणेशन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में बनेगा विश्व गुरु, जौनपुर में बोले- केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जौनपुर ।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य 2040



पुनः दुनिया में विश्व गुरु बनेगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से इस विश्वास को बल मिला है। उन्होंने कहा कि भारत पहले दुनिया में ज्ञान के केंद्र के रूप में जाना जाता रहा, जबकि भारत में जौनपुर का अहम स्थान रहा। वह मंगलवार को सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में आयोजित बदलापुर महोत्सव में आयोजित 311 जोड़ों तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है, जिसमें सभी शिक्षार्थियों की सामाजिक व आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो। इसका उद्देश्य एक नई प्रणाली का निर्माण करना है जो भारत की परंपराओं और मूल्य को अपने अंदर समाहित करते हुए विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करे।

# वाराणसी में देव दीपावली के पूर्व गंगा टास्क फोर्स और सामाजिक संगठनों ने कसी कमर, चला स्वच्छता अभियान


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।**देव दीपावली के पूर्व राजघाट से नमो घाट तक काशी में स्वच्छता की मुहिम शुरू करने के साथ ही काशीवासियों को गंगा बुधवार को राजघाट से नमो घाट तक विशेष सफाई अभियान की शुरुआत बुधवार को हुई। नमामि गंगे और 137 सीईटीएफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राइफल जवानों ने उनके सही स्थान तक पहुंचाया?। घाटों पर श्रमदान के बाद वहां उपस्थित पर्यटकों और आम लोगों को गंगा और घाटों स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई।



स्वच्छता से जुड़ने की अपील की गई है। देव दीपावली के पूर्व घाटों पर सफाई के लिए नमामि गंगे सहित कई संगठनों के सदस्यों ने अपनी कमर कस ली है। काशी के घाटों को स्वच्छ रखने के लिए गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने संयुक्त अभियान चलाकर घाटों की सफाई के साथ जागरूकता की। स्वच्छता अभियान के तहत घाटों पर जगह- जगह फेंके गए कूड़े कचरे को भी नमामि गंगे के सदस्यों व पतित पावनी मां गंगा की अविरल धारा को निर्मलता के साथ बहने और उनको हमेशा स्वच्छ रखने के लिए सभी संकल्पबद्ध हुए। गंगा मैया की जय के बीच नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी ने 'सबका साथ हो, गंगा साफ हो' के नारे संग प्रत्येक काशीवासी को गंगा स्वच्छता से जुड़ने की अपील की ?गई। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा सफाई अभियान के लिए युवाओं और माताओं-बहनों का उत्साह मां गंगा के लिए बड़ा लाभकारी है। स्वच्छता की प्रतिबद्धता के लिए संकल्प, साफ-सफाई और जागरूकता से अपनी गंगा नित निर्मलीकरण की ओर अग्रसर होंगी। आयोजन का मूल उद्देश्य गंगा से सबको जोड़ना है। उन्होंने कहा कि गंगा स्वच्छता के लिए जन सहभागिता बहुत जरूरी है।आयोजन में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, कर्नल हेमंत गंभीर, सूबेदार शिवेंद व गंगा टास्क फोर्स के जवान सहित नमामि गंगे महानगर संयोजक शिवदत्त द्विवेदी, महानगर सहसंयोजिका सीमा चौधरी, महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, हिमांशु गुप्ता, सूर्यांशु शुक्ला आदि शामिल रहे।

# बुखार से पीड़ित 12 सौ लोगों की जांच, डेंगू के मिले 125 मरीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर।** जनपद में डेंगू के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे संकट



बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर में बुखार से पीड़ित 12 सौ लोगों की जांच में 125 की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है। एक नवंबर को जिला अस्पताल में सात मरीजों का इलाज चल रहा था। अब तक अस्पताल से 13 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। जिला अस्पताल के अलावा प्राइवेट डाक्टरों को दिखाने वाले मरीजों में भी डेंगू के प्रभावित मरीज आ रहे हैं। अधिकतर मरीज अपना इलाज घर से ही करा रहे हैं। शासन की ओर से एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया गया। प्रतिदिन आ रहे हजार से अधिक मरीज जिला अस्पताल में प्रतिदिन हजार से अधिक मरीज आ रहे हैं। इनमें डेंगू की शंका होने पर 1200 मरीजों की जांच कराई गई। इस जांच में कुल 125 मरीज डेंगू से प्रभावित पाए गए। अधिक गंभीर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। हल्के लक्षण के मरीजों को दवा देकर सावधानी रखने की सलाह देकर छोड़ दिया जा रहा है।

# चंदौली जिले के चकिया नगर में कपड़े की दुकान में लगी आग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंदौली।** तड़के बुधवार को चकिया नगर के बाजार में एक कपड़े के दुकान में किन्हीं वजहों से आग लगने के बाद अफरा - तफरी मच गई। समय से जानकारी पाने और दुकानदार की सक्रियता और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर जल्द ही काबू पा लिया। हालांकि, कारोबारी वस्त्रालय की दुकान के दूसरी मंजिल से धुआं निकलता देख बगल के ही फूल माला व्यवसाई ने दुकान के संचालक धर्मपाल गुप्ता को को फोन करके शीघ्र ही आग लगने की जानकारी दी तो प्रतिष्ठान के संचालक समेत पुत्र मनोज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता अपने सहयोगी कर्मियों को लेकर





के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। जिले के चकिया नगर के वार्ड नंबर 10 चौक (चंद्रप्रभा रेंज कार्यालय के सामने) स्थित प्रदीप वस्त्रालय और गारमेंट्स की दुकान के दूसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अफरा- तफरी मच गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस व अग्निशमन दल के जवानों ने प्रतिष्ठान के कर्मचारियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आस पास की दुकानों में भी अफरातफरी का माहौल व्याप्त रहा और आग पर काबू पाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। बाजार में बुधवार की भोर में प्रदीप दुकान पर पहुंच गए। दुकान में आग लगने की वजह से सभी धुआं देखकर सन्न रह गए। दुकान से लगातार धुआं उठता देख कर सन्न रह गए आनन-फानन में दुकान खोल कर उपरी मंजिल पहुंचे और दरवाजा खोल कर आग को बुझाने में जुट गए। कोतवाली पुलिस को जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने में जुट गई। जिससे दुकानदार ने राहत की सांस ली। दुकान के दूसरी मंजिल पर साड़ी, चुनरी का महंगा आइटम था जिसने इलेक्ट्रिक की शॉर्ट सर्किट से नीचे गद्दे में आग लग गई। लाखों रुपए का सामान आग जलने से नुकसान पहुंचा है।

सीधे प्रवेश
100% Placement
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# एन टी पी सी सिंगरौली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** दिनांक 30-10-2022 को शक्तिनगर के चिल्काझील में सूर्या षष्टी का पर्व टाउनशिपवासियों तथा शक्तिनगर के आस-पास के पटेल की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई । सरदार पटेल एक ईमानदार तथा राष्ट्रीय एकता के प्रतीक माने जाते है । सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन राष्ट्रीय अपना रोजमर्रा का कामकाज करने का संकल्प लिया । इसके बाद श्री नरेश बैठा, वरि0 प्रबन्धक (सतर्कता) इसके बारे में जानकारी दी तथा दिनांक 31-10-2022 से








रहवासियों द्वारा बड़ी श्रद्धा भक्ति तथा उल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर व्रतियों द्वारा भगवान सूर्य सायं अर्घ्य दिया गया । चिल्काझील में व्रतियों हेतु रात में भजन संध्या तथा देवी जागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख श्री बसुराज गोस्वामी ने किया । चिल्काझील में रात भर व्रतियों के साथ उनके परिजन भी बहुत हर्सोल्लास के साथ थे रात भर चले इस कार्यक्रम में व्रतियों ने इसका आनंद उठाया । चिल्काझील में छठ्ठ पर्व को सफल बनाने के लिए एन टी पी सी प्रबंधन द्वारा सभी आवश्यक जरूरतों के अतिरिक्त सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे । अगले दिन दिनांक 31.10.2022 को व्रतियों ने उषा काल में सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर व्रत को पूर्ण किया । इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु तथा दर्शक मौजूद थे शक्तिनगर में आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई एकता दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है । इस अवसर पर आज दिनांक 31-10-2022 को एन. टी. पी. सी. शक्तिनगर के संकल्प भवन में स्टेशन प्रमुख श्री बसुराज गोस्वामी ने स्टेशन के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को इस अवसर पर एकता की शपथ दिलाई । इस अवसर पर सभी ने ईमानदारी तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना रोजमर्रा का कामकाज करने का संकल्प लिया । शक्तिनगर में आज दिनांक 31-10-2022 को केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित थीम ङ्खभस्ट्राचार मुक्त भारत- विकसित भारतङ्ग के प्रति जन चेतना तथा जागरूकता पैदा करने के लिए एन. टी. पी. सी. शक्तिनगर के संकल्प भवन में स्टेशन प्रमुख श्री बसुराज गोस्वामी ने स्टेशन के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को इस अवसर पर शपथ दिलाई । इस अवसर पर स्टेशन के सभी कर्मचारियों ने ईमानदारी तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ दिनांक 06-02022 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन की घोषणा की जिसके अंतर्गत स्टेशन के कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों/ /सी आई एस एफ/स्कूली छात्रों-छात्राओ तथा संविदा कर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगितायो जैसे सतर्कता सम्मेलन /गोष्टी /भाषण परतियोगिता /वाद-विवाद प्रतियोगिता/निबंध /ड्राइंग (चित्र लेखा प्रतियोगिता /स्लोगन प्रतियोगिता/ सोलो डांस प्रतियोगिता/ गीत गायन प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के आयोजन के क्रम में दिनांक 01-11-2022 को प्रातः 6.00 बजे से डॉ0 अंबेडकर भवन, विद्युत विहार से स्टेशन प्रमुख श्री बसुराज गोस्वामी महोदय की अगुवाई में सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुये ।

# संपर्क मार्ग की जांच के लिए तकनीकी समिति का गठन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** जमुनिया से नेवढ़िया संपर्क मार्ग की गुणवत्ता को लेकर आई शिकायत की जांच के लिए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने तीन सदस्यीय तकनीकी समिति का गठन किया है। उन्होंने समिति से चार नवंबर तक जांच रिपोर्ट देने को कहा है। जमुनिया से नेवढ़िया संपर्क मार्ग के निर्माण में जिलाधिकारी को गुणवत्ता की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा प्रखंड की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर जांच का निर्देश दिया है। जांच समिति में अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा प्रखंड के अलावा सहायक अभियंता जिला पंचायत मनोज कुमार सिंह एवं अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो मनोज कुमार शामिल है। जिलाधिकारी ने समिति को सड़क की गुणवत्ता की जांच कर चार नवंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने आगाह किया कि जांच में लापरवाही होने पर समिति में शामिल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।



# निकाय चुनाव हेतु भाजपा की बैठक वार्ड लेबल पर हुई संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** आगामी चुनाव में भाजपा का योगा चेयरमैन- संतोष शुक्ला जी क्षेत्रीय संयोजक काशी क्षेत्र खादी ग्राम उद्योग भारत सरकार सदस्य आगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिकोण से नवसृजित नगर पंचायत डाला बाजार में भी वार्ड लेवल पर बैठकर शुरू हो गई है जिस क्रम में आज वार्ड नंबर 9, व वार्ड 4 नई बस्ती व डाला चढ़ाई चंद्र नगर की बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रुप से चुनाव जीतने हेतु नगर पंचायत प्रभारी के तौर पर नियुक्त किए गए काशी क्षेत्र के संयोजक खादी ग्राम उद्योग सदस्य भारत सरकार श्रीमान संतोष शुक्ला जी ने बताया हर वार्ड में मोहल्ला प्रमुख गली प्रमुख तथा मतदाता प्रमुख बनाए जाएंगे तत्पश्चात मतदाता सूची का अवलोकन कर कार्यकर्ता लगाए जाएंगे चुनाव जीतने का सूत्र देते हुए उन्होंने बताया कि अगर चुनाव जीतना है तो अपने लोगों का और अपने विचारधारा के लोगों का अधिक से अधिक वोट बड़वा करके उसको मत में तब्दील करवाना होगा, बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे जी नगर निकाय समन्वय संदीप सिंह पटेल धीरेंद्र प्रताप सिंह सोनू युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश जैन जी महेश सोनी ओम प्रकाश शर्मा विकास जैन मनोज चौरसिया विजय कुमार यादव मुकेश जयसवाल विशाल कुमार राकेश मोदनवाल नौशाद खान सनी दुबे गिरीश तिवारी संतोष तिवारी हमारी पंकज गुप्ता जी बृजेश बृजेश पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।



# विकास खण्ड चोपन पंचायत के टोला गुरमुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा सेवा समिति के लिए सुदृढ़ व्यवस्था किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** विकास खण्ड चोपन अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला गुरमुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा सेवा समिति के सौजन्य से महापर्व छठ पूजा के लिए सुदृढ़ व्यवस्था किया गया था। वही इस महापर्व छठ के उपलक्ष्य के सभी कार्यकर्ता व्यवस्था को लेकर जी जान से लगे रहते हैं । वही समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोड़ एवं श्रोताओं से खचाखच भरी भीड़ ने देवी जागरण का लुत्फ उठाया जिसमें भगवान श्री कृष्ण की झांकी प्रमुख रही जो पूरे पांडाल में श्रोताओं को झूमने पर मजबूर अपने आप मे सराहनीय हैं और समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने जो यह नीव रखी है आने वाले समय में बृहद रूप में उभरेगा और आने वाले दिखेगा कि गुरमुरा में भी बृहद महापर्व छठ पूजा होता हैं। वही सुरक्षा के दृष्टिगत चोपन थाना पुलिस दल बल के साथ डटे नजर आए।



मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम व देवी जागरण में समाज कल्याण राज्यमंत्री ने फीता काटकर शुरुआत कराई गई। छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि हर साल महापर्व छठपूजा के मौके पर देवी जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाता रहा है यहाँ समिति कर दिया। वही समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड ने एक बार फिर मंच से अपने वादे को दोहराया और कहाकि आने वाले समय में छठ घाट का विस्तार एवं तालाब की सुंदरीकरण कराया जाएगा और छठ पूजा सेवा समिति को धन्यवाद दिया कि गुरमुरा जैसे छोटी जगह में इस तरह का प्रोग्राम एवं सुदृढ़ व्यवस्था इस दौरान संजय सिंह ग्राम प्रधान बेलकफ, गुड्डू गोंड, रामखेलावन सिंह गोंड, परमहंस पटेल, अनिल गोंड (पूर्व ब्लाक प्रमुख दुध्धी,राजाराम गोड़, मिठाईलाल गोंड, सोनू जयसवाल, उज्ज्वल पटेल, रामधनी गोंड, विजय यादव, गुड्डू गोंड, छविनाथ एवं समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस से न्याय ना मिलने पर सोन नदी में महिला ने जान देने का किया प्रयास,लोगों ने बचाया जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** चोपन थाना अंतर्गत एक महिला ने चोपन सोन नदी में जान देने जा रही थी जिसको स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर सूचना देकर जान देने से बचाया गया महिला ने बताया की विनोद केवट पुत्र राम दास निवासी रेनुसागर शिव मंदिर के पास थाना अनपरा द्वारा महिला से शादी का झांसा देकर शोषण किया जा रहा था उसके बाद कुछ माह पहले अनपरा में एक मन्दिर में उसके द्वारा शादी किया कुछ दिन पहले से महिला को पति व परिवार के लोगों ने गाली गलौज व मार पीट कर प्रताड़ित करने लगा इस संबंध में महिला ने जब इस मामले को लेकर अनपरा थाने में शिकायती पत्र दिया लेकिन अनपरा पुलिस द्वारा मामले में कोई भी विधिक कार्यवाही नहीं किया गया और थाने से निस्तारण न होने की बात कहा गया एक तरफ योगी सरकार महिलाओं को लेकर पुलिस को तत्काल कार्यवाही करने को बार बार कहा जा रहा है लेकिन प्रशासन अपने रवैया को बदल नही रही हैं।



# ओबराडीह और मंगुराही में बनेंगे नए राजकीय प्रक्षेत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र ।** जिले के किसानों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही जिले में दो नए राजकीय प्रक्षेत्र मिल जाएंगें। करीब 3.24 करोड़ की लागत से इन राजकीय प्रक्षेत्र का निर्माण होगा। यहां हाइटेक तकनीकी से रोग मुक्त सब्जियां व पौधे उगाएं जा सकेंगे। इन पौधों को लगाने से उत्पादन भी दोगुना होगा। प्रशासन की तरफ से भूमि चिह्नित कर ली गई है। निर्माण कार्य मनरेगा से होना है। जिले में अभी सिर्फ घोरावल ब्लॉक के बेलाही गांव में राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र है, जिसका संचालन उद्यान विभाग करता है। यहां करीब एक हेक्टेयर में मिनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कराई जा रही है, जहां हाइटेक विधि से सब्जियां उगाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा दो नए राजकीय प्रक्षेत्र की स्थापना की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। मनरेगा से करीब 3 करोड़ 24 लाख की लागत से दोनों राजकीय प्रक्षेत्र का निर्माण कराया जाना है। पहला प्रक्षेत्र घोरावल ब्लॉक के शाहगंज के पास ओबराडीह में बनेगा तो दूसरा मंगुराही में। इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। एक राजकीय प्रक्षेत्र के निर्माण कार्य पर 1 करोड़ 62 लाख रुपये खर्च होगा। इसके बनने से यहां भी हाइटेक विधि से रोग मुक्त नर्सरी उगाई जाने लगेगी। इससे जिले के किसानों को पौधे उगाने में सहूलियत और लाभ भी होगा। केवीके व उद्यान विभाग से होगा संचालित ओबराडीह और मंगुराही में भले ही मनरेगा से नए राजकीय प्रक्षेत्र का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, मगर इसका संचालन दो अलग-अलग विभाग करेंगे। मंगुराही में राजकीय प्रक्षेत्र का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) सोनभद्र और ओबराडीह में उद्यान विभाग संचालन करेगा। शासन स्तर से कार्रवाई पूरी कर ली गई है। क्या है हाइटेक तकनीकी हाइटेक नर्सरी में इजराइल की तकनीक का उपयोग होगा। इस विधि से गैर सीजन में भी किसानों को औद्यानिक फसलों की नर्सरी (पौधे) मिल सकेगी। इस तकनीक से जल्द ही ओबराडीह और मंगुराही में पौधे उगाए जाएंगें, जिन्हें रोपने पर सब्जियों का उत्पादन भी दोगुना होगा। वर्जन शाहगंज के पास ओबराडीह में और मंगुराही में राजकीय प्रक्षेत्र का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। करीब 3.24 करोड़ की लागत से दोनों प्रक्षेत्र का निर्माण कार्य होना है। -सुनील कुमार शर्मा, प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी-सोनभद्र। वर्जनः हाइटेक तकनीकी से नर्सरी तैयार करने के लिए दो राजकीय प्रक्षेत्र का निर्माण कराया जा रहा है।

# वनाधिकार संरक्षण नियम रद्द कर काबिज जमीनों पर दें पट्टा

**(आधुनिक समाचार सेवा).**

**दुद्धी।** वनाधिकार कानून के तहत आदिवासियों को काबिज जमीनों पर पट्टा न दिए जाने के खिलाफ गोंडवाना भवन में आदिवासी वनवासी अधिकार सम्मेलन हुआ। वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर वनाधिकार कानून 2006 को विफल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में वनाधिकार संरक्षण नियम 2022 लाया है, जिससे आदिवासियों व वनाश्रितों को बेदखल कर कारपोरेट्स को जमीनों का हस्तांतरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की ओर से जंगल की जमीनों पर बसे आदिवासियों व वनाश्रितों की दावों के निस्तारण तक बेदखली व उत्पीडन पर रोक लगाने के आदेश दिया गया है। इसके बावजूद मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। आदिवासियों व वनाश्रितों को जितनी जमीनों पर बाप दादे से बसे हुए हैं उस पर पट्टा दिया जाना चाहिए। कहा कि आदिवासी बहुल इस क्षेत्र के पिछड़ेपन की मुख्य वजह सरकार की उपेक्षा है। वन उत्पादों पर आदिवासियों-वनाश्रितों का अधिकार देने का मुद्दा भी उठाया गया। शिक्षा व स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, सहकारी समितियों के माध्यम से आदिवासियों समेत गरीबों को बिना ब्याज कर्ज और सस्ते दरों पर खाद, बीज, सिंचाई सुनिश्चित करने, शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों को सम्मेलन में उठाया गया। अध्यक्षता पूर्व विधायक विजय सिंह गोंड और संचालन आदिवासी वनवासी महासभा के कृपाशंकर पनिका ने किया। सम्मेलन में आईपीएफ के दिनकर कपूर, राजेश सचान, सुषमा गोंड, जनकधारी गोंड, जुबेर आलम, सुकालो गोंड, नागेश्वर गोंड आदि मौजूद रहे।



# बेड से अधिक मरीज आएं तो जनरल वार्ड में भर्ती करें डेंगू के मरीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी।** सीएमओ डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बुधवार को स्थानीय सीएचसी और पीएचसी अमवार व कटौली का निरीक्षण किया। उन्होंने करने के निर्देश दिए। सीएचसी दुद्धी व पीएचसी कटौली में सफाई को लेकर काफी नाराजगी जताई। जर्जर भवन को लेकर मरम्मत कराए जाने की बात कही। केंद्र अधीक्षक



बेड से अधिक डेंगू के मरीज आने पर उसे जनरल वार्ड में भर्ती करने का निर्देश दिया। अधीक्षक डॉ. शाह आलम अंसारी के साथ अस्पताल के प्रसव कक्ष में मौजूद महिलाओं से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद अस्पताल के कार्यालय कक्ष में पहुंचे और उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। वाह्य रोगी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। डेंगू वार्ड के रोगी के इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया। पांच बेड वाले डेंगू वार्ड से अधिक मरीज होने पर जनरल वार्ड में शिफ्ट से अस्पताल के जर्जर भवन की मरम्मत कार्य के लिए एस्टीमेट मांगा है। लैब व ब्लड बैंक में एक-एक लैब टेक्नीशियन होने से अस्पताल में भीड़ को देखते हुए और टेक्नीशियन नियुक्त करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किसी भी चिकित्सक व कर्मचारियों से लापरवाही बरती गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद अमवार पीएचसी भी पहुंचे। वहां की साफ-सफाई को बेहतर बनाने पर जोर दिया। जर्जर भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित करने को कहा।

# जिले में बढ़ाए गए 14 और धान खरीद केंद्र, संख्या 62 हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** पंजीकरण के लिए किसानों की उमड़ रही भीड़ को देखते हुए जिले में 14 धान खरीद के अलावा दूसरे दिन बुधवार को भी किसी भी केंद्र पर धान खरीद नहीं हुई। हालांकि कुछ केंद्रों पर किसान टोकन के लिए हंगामा करते रहे।




केंद्र और बढ़ा दिए गए हैं। इसके साथ ही जिले में धान खरीद केंद्रों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। जिले में दूसरी बार धान खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। उधर, पंजीकरण व टोकन जारी किए जाने इस बीच सदर, चुनार, मड़िहान व लालगंज तहसील क्षेत्र के कुल 48 केंद्रों में पंजीकृत 18259 किसानों में से 4270 किसानों का सत्यापन किया जा सका है। धान खरीद के लिए खाद्य विभाग के 14, पीसीएफ के 32 व एफसीआई के दो समेत कुल 48 केंद्र बनाए गए थे। इस बीच बुधवार को 14 खरीद केंद्र और बढ़ा दिए गए। इससे जिले में धान खरीद केंद्रों की संख्या 62 हो गई है उधर, पंजीकरण के लिए सदर तहसील क्षेत्र के केंद्रों पर नाम मात्र भीड़ दिखी, जबकि लालगंज, चुनार व मड़िहान तहसील क्षेत्र के कुछ केंद्रों पर टोकन के लिए किसान हंगामा करते दिखे। इस बीच उच्चाधिकारियों के बार-बार निर्देश के बावजूद अधिकांश केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने, छांव व पीने के पानी आदि की व्यवस्था नहीं की गई है। केंद्रों पर पंजीकरण कराने पहुंचे किसानों को धूप में लाइन लगाने के लिए विवश होना पड़ा। कुछ केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्थान नहीं होने पर किसान आसपास के दुकानों पर पहुंचकर अपनी प्यास बुझाते दिखे।

# छठ पूजा के बाद घाटों पर गंदगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** छठ पूजा के बाद नगर के गंगा घाटों पर फिर से गंदगी व्याप्त हो गई है। छठ पूजा के पूर्व अधिकारियों के लगातार निरीक्षण के चलते घाटों की सफाई हो गई थी, लेकिन पूजा हो जाने के बाद अब फिर से गंदगी फैल गई है। इस समय गंगा के जलस्तर में लगातार गिरावट हो रही है। इससे घाटों पर सिल्ट फिर से जमना शुरू हो गया है। हालांकि स्थानीय नागरिकों व नित्य स्नान करने वालों की मदद से कुछ घाटों पर नित्य सफाई की जा रही है, लेकिन जब पानी अधिक नीचे हो जाता है तो सिल्ट रह जाता है। छठ पूजा के बाद अब चार नवंबर को देवोत्थान एकादशी है। इसमें नगर के घाटों पर देव दीपावली का आयोजन किया जाता है। इसके बावजूद घाटों पर साफ-सफाई के प्रति नगर पालिका के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। उधर, नगर के पक्का घाट, बरियाघाट, सुंदरघाट, बाबाघाट व अन्य कई घाटों पर पानी घटने के कारण सिल्ट इकट्ठा हो गया है। उसकी सफाई की मांग की गई है। इसके साथ ही पूजा के बाद छोड़े गए सामान के चलते भी गंदगी है। नगर पालिका के स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक संजय सिंह का कहना है कि अभियान चलाकर सफाई कराई जा रही है।



# दो माह से जले तीन ट्रांसफार्मर नहीं बदल सका विभाग8वृद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**म्योरपुर।** ब्लाक की मधुबन ग्राम पंचायत में दो माह से खराब पड़े तीन ट्रांसफार्मरों के न बदले जाने से क्षुब्ध होकर बुधवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बिजली विभाग की मनमानी के प्रति जमकर नारेबाजी की। बिजली विभाग की ओर से सौभाग्य योजना के तहत मधुबन ग्राम पंचायत के बरहपान में प्राथमिक विद्यालय के पास, शिवलाल के घर के पास और करचा में रामचंद्र के घर के पास ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। करीब दो माह से तीनों ट्रांसफार्मर खराब हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बिजली विभाग के टेलीफोन नंबर और अन्य संचार माध्यमों से की गई, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर बदले जाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक उनके लगातार प्रयास किए जाने के बावजूद घरों में अंधेरा छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि बिजली देने में कोताही बरतता है, लेकिन बिल वसूली के लिए लोगों के घरों तक पहुंच जाता है।

# बांग्लादेश के खिलाफ मैच में इस खास रिकॉर्ड को अपने नाम कर सकते हैं भुवनेश्वर कुमार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जसप्रीत बुमराह की



अनुपस्थिति में टीम इंडिया के सबसे अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के लिए बांग्लादेश के खिलाफ मैच बेहद खास है। इस मैच में न केवल वह एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं बल्कि उनके पास अपने साथी खिलाड़ी बुमराह से भी आगे निकलने का मौका है। टि20 वर्ड कप क्रिकेट की बात करें तो फिलहाल 9 मेडन ओवर के साथ भुवनेश्वर कुमार, जसप्रीत बुमराह के साथ बराबरी पर हैं। एक और मेडन ओवर डालते ही वह इस मामले में पहले नंबर पर पहुंच जाएंगे और अपने साथी खिलाड़ी को पीछे छोड़ देंगे। नीदरलैंड के खिलाफ भुवी ने दो बैक टू बैक मेडन ओवर डालकर बुमराह के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। भुवी के अलावा जिन गेंदबाजों ने टी20 वर्ल्ड कप में दो बैक टू बैक मेडन ओवर डाले हैं उनमें इंग्लैंड के गेंदबाज ग्रीम स्वान (2012), नुवान कुलसेखरा (2014) और रंगना हैराथ (2014) ह बात टी20 क्रिकेट की करें तो सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के स्पिन गेंदबाज सुनील नरेन के नाम है। उन्होंने टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक 27 मेडन ओवर डाले हैं। इस सूची में दूसरे नंबर पर शाकिब अल हसन हैं जिनके नाम 23 मेडल ओवर है। तीसरे नंबर पर सैमुएल बद्री (21) और 20 विकेट के साथ चौथे नंबर पर भुवनेश्वर कुमार हैं। इस सूची में जसप्रीत बुमराह 19 विकेट लेकर छठे नंबर पर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ एडिलेड में होने वाले मैच में निश्चितरूप से टीम इंडिया का पलड़ा भारी है लेकिन इस वर्ल्ड कप में अब तक हुए उलटफेर को देखते हुए टीम इंडिया बांग्लादेश को हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। केएल राहुल के फॉर्म को छोड़ दिया जाए तो टीम इंडिया के बल्लेबाज अच्छी लय में हैं। खासतौर से सूर्यकुमार यादव जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं वह अद्भुत है।

# राशिफल

**मेष-:**आज हम परिवार में स्थिति की चर्चा करेंगे, आज हम अपनी मां के साथ कुछ खास करेंगे, जिससे मन में शांति की अनुभूति होगी।

**वृष-:**किसी बड़े मामले में समझौता करने और सहयोग करने के लिए आपको तैयार रहना चाहिए. रुके हुए काम आज पूरे होंगे। इस राशि के लोग जीवनसाथी के साथ डेट पर जा सकते हैं।

**मिथुन-:**आज के दिन नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। का ध्यान रखें और उन्हें हाथ से जाने न दें।

**कर्क-:**आज का दिन परिवार वालों के नाम रहेगा, अच्छा खाएंगे और खूब आराम करेंगे. अगर आपने घर खरीदने की योजना बनाई है तो आज आप इसके बारे में आगे बात करेंगे।

**सिंह-:**आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

**कन्या-:**आज आपको किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्षेत्र में पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा उसका फायदा उठा सकता है।

**तुला-:** आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। आज आप अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंग।


**वृश्चिक-:**व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे. पिछले कुछ समय से अगर आपका जीवनसाथी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था।

**धनु-:**आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-:**आज आपको न तो कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए. यह एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं।

**मीन-:**आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे. आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।






# साउथ अफ्रीका से मिली हार के बाद कपिल देव ने टीम इंडिया की कर दी खिंचाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप में अजेय चल रही भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट हराकर जीत का रथ थामा था। डेविड मिलर और एडेन मार्कराम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका को जीत दिलाई थी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ नहीं सकते। जब आप कम स्कोर का बचाव कर रहे हों तो आपको अपना 100 प्रतिशत देना पड़ता है।कपिल देव ने कहा, ऐसी छोटी-छोटी गलतियां नहीं होनी चाहिए। मैं समझ सकता हूं, हर खिलाड़ी कैच छोड़ता है, लेकिन जब मैच ऐसी स्थिति में आता है और आप ऐसा कैच छोड़ते हैं, तो यह कहीं



मैच में भारतीय टीम ने खराब फील्डिंग की थी, जिसने मैच का परिणाम दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में कर दिया था। वहीं भारतीय ओपनर का ना चलना भी एक कारण था। भारत के खराब प्रदर्शन पर पूर्व कप्तान कपिल देव ने एबीपी न्यूज से बातचीत करते हुए कहा, अगर आप टी 20 क्रिकेट में रन आउट के मौके और कैच लेने से चूक गए तो आप जीत न कहीं टीम को निराश करता है।गौरतलब हो कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने खराब फील्डिंग का प्रदर्शन किया था। एक समय अश्विन की गेंद पर विराट कोहली ने मार्करम का कैच छोड़ दिया था। वहीं भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच में मार्करम को रन आउट करने का आसान मौका गंवा दिया था।

# बांग्लादेश के खिलाड़ियों के नाम दर्ज हैं अनोखे रिकॉर्ड भारत को रहना होगा सावधान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 2022 टी20 विश्व कप 2022 में आज भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला खेला जाएगा। बुधवार को एडिलेड ओवल में खेला जाने वाला यह मुकाबला भारत के लिए करो या मरो वाला होगा। साउथ अफ्रीका से हार झेलने के पांच विकेट चटकाए थे। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश को 79 रनों से जीत मिली थी और मुस्तफिजुर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। वहीं रहमान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला, जहां उन्होंने पहली पारी में 37 रन देकर चार विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ




बाद भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला जीतना काफी अहम है। बात जब भारत-बांग्लादेश के मुकाबले की हो रही है तो आपको बांग्लादेशी प्लेयर्स से जुड़े कुछ रिकॉड्र्स के बारे में बताते हैं, जिन्हें तोड़ना किसी भी क्रिकेटर के लिए नाकों चने चबाना जैसा होगा। टेस्ट और वनडे में डेब्यू और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब पाने वाले मुस्तफिजुर रहमान दुनिया के इकलौते प्लेयर हैं। मुस्तफिजुर रहमान ने जून 2015 में भारत के खिलाफ वनडे इंटरनेशनल डेब्यू पर 50 रन देकर द मैच का पुरस्कार मिला। शाकिब अल हसन ने टेस्ट में किया है कमाल बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने एक ही टेस्ट में शतक और दस विकेट लेने का कारनामा किया है। नवंबर 2014 में शाकिब ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में यह अनूठा रिकॉर्ड बनाया था। 137 बनाते हुए मैच में कुल 10 विकेट लिए थे। साल 2001 में मोहम्मद अशरफुल ने अपने टेस्ट डेब्यू पर शतक जड़ दिया था। अशरफुल 17 साल की उम्र में यह कारनामा श्रीलंका के खिलाफ किया था।

# जिम्बाब्वे 117 रन पर ऑल आउट, नीदरलैंड की सधी हुई शुरूआत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप सुपर-12 के ग्रुप-2 में आज एडिलेड ओवल में नीदरलैंड और जिम्बाब्वे के बीच मुकाबला खेला जाएगा। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया है। दोनों टीमों ने इस विश्व कप टूर्नामेंट में कई उलटफेर किए हैं। पहले बल्लेबाजी मीकेरेन ने तीन विकेट चटकाए दोनों ने टीमों ने सुपर-12 में पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय किया है। नीदरलैंड अपने तीन में से तीनों मैच हार चुका है। वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है, लेकिन इसके बावजूद भी नीदरलैंड की टीम ने प्रभावशाली खेल खेला है। वहीं बात जिम्बाब्वे की करें तो



करते हुए जिम्बाब्वे ने नीदरलैंड के खिलाफ 19.2 ओवर में 117 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नीदरलैंड को 118 रन का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। नीदरलैंड के गेंदबाजों ने पहले पावरप्ले तक जिम्बाब्वे की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया था।ऐसे में ऑलराउंडर सिकंदर रजा और सीन विलियम्स ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 48 रन की साझेदारी हुई। सिकंदर रजा ने 40 रन तो विलियम्स ने 28 रन की पारी खेली। दोनों के आउट होने के बाद कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर सका। नीदरलैंड की तरफ से पॉल वैन क्वालिफाइंग मुकाबले में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को हाराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। फिर सुपर-12 के एक मुकाबले में पाकिस्तान को 1 रन से मात देकर सबको चौंका दिया। जिम्बाब्वे और नीदरलैंड दोनों के बीच चार ऊ20घ मुकाबलों खेले गए हैं। इनमें से 2 में जिम्बाब्वे की और एक में नीदरलैंड ने जीत हासिल की है। चौथा गेम टाई पर समाप्त हुआ था। ये दोनों टीमें पिछले जुलाई में जिम्बाब्वे में विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के फाइनल में भिड़े थे। नीदरलैंड्स प्लेइंग इलेवन स्टीफ़न मायबर्ग, मैक्स ओडोड, टॉम कूपर, कॉलिन एकरमैन, बास डी लीड, स्कॉट एडवड्र्स रूलोफ़ वैन डेर मेर्वे, लोगान वैन बीक, फ्रेड क्लासेन, पॉल वैन मीकेरेन, ब्रैंडन ग्लोवर।

# पाकिस्तान की टीम को लगा बड़ा झटका, साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले टीम से बाहर हुआ यह बल्लेबाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए



संघर्ष कर रही है और उसे अब अपना अगला मुकाबला साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को खेलना है। इस मैच से ठीक पहले इस टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख बल्लेबाज फखर जमां इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। फखर जमां नीदरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उनका घुटना मुड़ गया था। घुटने की इंजरी की वजह से वो साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे और इसकी जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से दी गई है। 32 साल के फखर जमां पहले टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए पहले पाकिस्तान की टीम का हिस्सा नहीं थे और उन्हें बाद में टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने इस टीम की तरफ से पहले दो लीग मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन नीदरलैंड के खिलाफ उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया।

# वर्ल्ड कप 2022 का पहला मैच खेल सकते हैं पंत, दीपक हुड्डा की छुट्टी तय


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिनेश कार्तिक की बैक इंजरी ने भारतीय टीम की चिंता बढ़ा दी है और अगर वो बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन में रिषभ पंत की एंट्री तय है। वहीं साउथ अफ्रीका ना खेला जाए ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक बांट दिए जाएंगे, लेकिन अगर ये मैच होता है और टीम इंडिया को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अगर अपनी स्थिति और मजबूत करनी है तो उसके सामने जीत के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। भारत और बल्लेबाजी पर भी ध्यान देने की जरूरत होगी। भारतीय ओपनर बल्लेबाज केएल राहुल के खराब फार्म के बावजूद उन्हें समर्थन मिलता रहेगा और राहुल द्रविड़ ये साफ कर चुके हैं ऐसे में भारतीय टीम के लिए पारी की शुरुआत रोहित शर्मा और केएल



के खिलाफ दीपक हुड्डा को भारतीय प्लेइंग इलेवन में अक्षर पटेल की जगह मौका मिला था, लेकिन हो सकता है कि उन्हें एक बार फिर से टीम से बाहर होना पड़े और अक्षर पटेल की एंट्री टीम में फिर से हो। भारत-बांग्लादेश मैच के दौरान एडिलेड में बारिश की संभावना जताई जा रही है और ऐसा भी माना जा रहा है कि ये मुकाबला कहीं बारिश की वजह से बांग्लादेश दोनों के ही इस वक्त 4-4 अंक हैं और बांग्लादेश के पास भी आगे बढ़ने का मौका है ऐसे में शाकिब अल हसन की टीम भी जोर लगाएगी। इस स्थिति में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को पूरी तरह से सावधान रहने की जरूरत है। भारतीय टीम की बल्लेबाजी साउथ अफ्रीका के खिलाफ पूरी तरह से लड़खड़ा गई थी ऐसे में टीम इंडिया को अपनी राहुल ही करेंगे। इसके बाद विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या होंगे। आर अश्विन पर टीम मैनेजमेंट पूरा भरोसा दिखा रही है ऐसे में चहल की टीम में एंट्री थोड़ी मुश्किल ही लग रही है ऐसे में वो टीम का हिस्सा होंगे जबकि दीपक हुड्डा की जगह अक्षर पटेल नजर आ सकते हैं।

# इंग्लैंड और न्यूजीलैंड मैच के दौरान एक शख्स स्टैंड में किताब पढ़ते आए नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने ब्रिसबेन में खेले गए वर्ल्ड कप के सुपर-12 राउंड में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंडल को 20 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने जीत खेली है। बता दें कि इस मैच में जोस बटलर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 47 गेंदों पर 2 छक्के व 7 चौकों की मदद से 73 रन बनाए। बटलर का इस मैच में एलेक्स हेल्स ने भी बखूबी निभाया और उन्होंने




के लिए न्यूजीलैंड के सामने 180 रन का लक्ष्य रखा। टीम निर्धारित ओवर में केवल 159 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे ज्यादा रन रन फिलिप्स ने बनाया। फिलिप्स ने 36 गेंदों पर 62 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान केन विलियमसन ने 40 रन की पारी खेली। इससे पहले इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए थे। इस मैच में जोस बटलर और एलेक्स हेल्स ने अर्धशतकीय पारी भी 40 गेंदों पर एक छक्का व 7 चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली। दूसरी पारी के दौरान एक दर्शक स्टैंड में बैठकर किताब पढ़ते नजर आए। इस रोमांचक मैच के बीच किसी व्यक्ति को ध्यान से किताब पढ़ते देखकर कमेंटेटर भी हैरान रह गए। इस वीडियो को आइसीसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो पर आइसीसी ने कैप्शन लिखा, 'क्या किताब इस मैच से ज्यादा मनोरंजक है ।

# बांग्लादेश को याद होगा धौनी की चीते सी चाल, 2016 टी20 विश्व कप में मिली थी 1 रन से मात



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ एडिलेड में खेले जाने वाले मैच में टीम इंडिया को दोबारा जीत की राह पर लौटने के लिए अपनी पिछले मैच की गलतियों को दूर कर मैदान में उतरना होगा। सामने बांग्लादेश की टीम है और इसलिए टीम इंडिया को ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है। फिलहाल दोनों टीमें 4-4 अंकों के साथ ग्रुप टू में दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। इस मैच में हार टीम के आगे की राह को मुश्किल बना सकती है। इसलिए टीम इंडिया के लिए यह मैच करो या मरो वाला है। पिछली बार जब टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के सामने आई थी तो केवल 1 रन से भारतीय टीम को जीत मिली थी। 2016 में जब टीम इंडिया और बांग्लादेश की टीम आमने-सामने आई थी तो बड़ी मुश्किल से टीम इंडिया ने आखिरी गेंद पर 1 रन से जीत दर्ज की थी। उस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने सुरेश रैना के 30 और विराट कोहली के 24 रन की पारी के दम पर 7 विकेट खोकर 146 रन बनाए थे। बांग्लादेश ने 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी गेंद तक संघर्ष किया था। तमीम इकबाल की 35 रन शबीर रहमान के 26 रन की पारी के दम पर बांग्लादेश ने इस मैच में अंतिम ओवर तक लड़ाई की थी। आखिरी गेंद पर बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए 2 रन बनाने की आवश्यकता थी और क्रीज पर शुभागता होम और मुस्तफिजुर मौजूद थे लेकिन धौनी की सूझबूझ से आखिरी गेंद पर मुस्तफिजुर ने रन आउट हुए और टीम इंडिया ने मुकाबला 1 रन से जीत लिया। धौनी ने रन आउट करने के लिए 2 सैकेंड में 13 मीटर की दूरी तय की थी। यही कारण है कि धौनी के उस रन आउट की खूब चर्चा हुई थी।

## सम्पादकीय

# अनिश्चितता से घिरी अर्थव्यवस्था, महंगाई ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चुनौती का समाधान खोजना भी जरूरी

वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल और अस्थिरता का रुख बना हुआ है। इस कारण आर्थिक वृद्धि के अनुमान भी प्रभावित हो रहे हैं। बीते दिनों कई संस्थाओं ने भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया है। इस साल के लिए ये अनुमान उतने नहीं घटाए गए, जितने अगले साल के लिए। यह दर्शाता है कि बदलते वैश्विक घटनाक्रम का प्रभाव अगले साल को और अनिश्चित बनाने जा रहा है। भारत के नजरिये से यही सकारात्मक है कि यहां स्थिति उतनी बुरी नहीं हैं। यही कारण है कि दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए 6.5 प्रतिशत से सात प्रतिशत का अनुमान अभी भी कायम है। यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची वृद्धि दर है। वृद्धि के अनुमानों में बार-बार संशोधन-परिवर्तन दर्शाता है कि स्थितियां कितनी विकट हो चली हैं। अर्थव्यवस्था कब दिशा बदलकर अपनी दशा बदलेगी, यह कह पाना मुश्किल हो रहा है। महंगाई ने पूरी दुनिया में हाहाकार मचाया हुआ है, जिससे निपटने के लिए केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ाने में लगे हैं। पता नहीं महंगाई पर इससे कितना अंकुश लग पा रहा है, मगर आर्थिक गतिविधियां जरूर प्रभावित हो रही हैं। अमेरिका और यूरोप में मंदी के कुछ संकेत मिलने लगे हैं, जिनका असर देर-सबेर दुनिया भर में देखने को मिलेगा। इसके बावजूद कोई आसार नहीं दिखते कि निकट भविष्य में पश्चिमी केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ाने पर कोई विराम लगाएंगे। दूसरे देश भी कुछ हद तक इसी राह पर चलते दिखाई पड़ सकते हैं। दुनिया की बिगड़ी आर्थिक सेहत में भारत की तबीयत भले कुछ बेहतर हो, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि उसे मौजूदा बीमारी से मुक्ति मिल गई है। जब भी दुनिया किसी आर्थिक भंवर में फंसती है तो अमेरिकी डालर में मजबूती का रुख देखा जाता है और मौजूदा स्थिति भी इसमें कोई अपवाद नहीं। डालर के सामने रुपये की हालत गड़बड़ है। उसे संभालने में भारतीय रिजर्व बैंक ने अभी तक सधे हुए कदम उठाए हैं, लेकिन इसका दबाव विदेशी मुद्रा भंडार पर दिख रहा है। वैश्विक मांग में नरमी से निर्यात भी दबाव में हैं, जबकि आयात में मामूली सी नरमी दिखी है। इससे व्यापार घाटा और चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका बढ़ी है। कुछ वस्तुओं के आयात को सीमित या प्रतिबंधित करने के विकल्प सुझाए जा रहे हैं, लेकिन उसका कोई खास असर नहीं दिखेगा। एक तो उनमें से तमाम लक्जरी वस्तुओं का बाजार बेहद सीमित है और दूसरा उनमें से कई ऐसी चीजें भी हो सकती हैं, जिनसे तैयार होने वाले उत्पादों के निर्यात ही प्रभावित होने लगेंगे। मिसाल के तौर पर देश में अभी भी अधिकांश मोबाइल फोन असेंबल हो रहे हैं। ऐसे में यदि उनके पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगा तो उनके निर्यात पर असर पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सितंबर में भारत से पहली बार एक अरब डालर के मोबाइल हैंडसेट निर्यात किए गए। आयात नियंत्रण का व्यापक असर दूसरे क्षेत्रों पर भी होगा। आर्थिक अनुमानों में बार-बार बदलाव के पीछे मुख्य कारण भू-राजनीतिक या मानव जनित है। वहीं जलवायु परिवर्तन के कारण प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं में निरंतर होती वृद्धि भी इसकी जटिलताएं बढ़ा रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के अनुमान से अधिक लंबा खिंचने के चलते आपूर्ति में गतिरोध का असर पूरी दुनिया पर दिख रहा है। इससे जहां आर्थिक वृद्धि सुस्त पड़ रही है, वहीं जिंसों के दाम नरम होने का नाम नहीं ले रहे। कच्चे तेल में भी अस्थिरता कायम है। दाम कुछ घटते हैं तो तेल उत्पादक देश उत्पादन में कटौती के संकेत देने लगते हैं। दुनिया भर में ऊर्जा स्रोतों की कीमतें आसमान पर हैं। धातुओं का उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। इस बदरंग स्थिति के लिए युद्ध के अलावा चीन की शून्य कोविड नीति भी जिम्मेदार है, जिससे उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला दबाव में आ गई है। इलेक्ट्रानिक्स चिप्स के लिए मारामारी की स्थिति है। इन कारणों ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के ढांचे को नए सिरे से गढ़ने पर मजबूर किया है। चीन पर अत्यधिक निर्भरता को दूर करने के लिए अब बहुराष्ट्रीय कंपनियां 'चीन प्लस वन' यानी चीन से इतर किसी और देश में भी विनिर्माण के विकल्प तलाश रही हैं। इसके मूल में आपूर्ति को लचीला बनाने की मंशा है। वैश्विक विनिर्माण की धुरी अभी तक इस मामले में सबसे सक्षम देश चीन के बजाय नव-सक्षम देशों की ओर झुक रही है।

# हिमालयी चार धामों की सुन्दरता से अधिक यहां की स्थिरता जरूरी

प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मभूषण चण्डी प्रसाद भट्ट का भी कहना है कि किसी भी स्थान की सुन्दरता तो अच्छी लगती ही है। लेकिन सुन्दरता से अधिक महत्वपूर्ण इन पवित्र स्थलों की स्थिरता है। अगर ये तीर्थस्थल ही नहीं रहेंगे तो सुन्दरता कहां रहेगी? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नवीनतम बदरी-केदार यात्रा के बाद देश का ध्यान हिमालय के चार धामों की ओर पुनः आकर्षित होना स्वाभाविक ही है। इन पवित्र स्थलों का महत्व बढ़ाने के लिए, साल 2013 की हिमालयी सुनामी से तबाह हुए केदारनाथ धाम के पुनर्निमाण के साथ ही बदरीनाथ के कायापलट का काम भी चल रहा है। बदरी-केदार के साथ गंगोत्री और यमुनोत्री को भी रेल लिंक से जोड़ने के लिए सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। सुन्दरता तो सभी को आकर्षित करती है लेकिन असली सवाल इन पवित्र स्थलों की सुरक्षा का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 से लेकर अब तक 6 बार केदारनाथ की यात्रा कर चुके हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव की मतगणना से 5 दिन पहले मोदी केदारपुरी पहुंच गए थे जहां उन्होंने 17 घंटों तक रुद्र गुफा में भगवान शिव की अराधना की और भगवा वस्त्र धारण कर ध्यान लगाया। इसके बाद वह दोबारा देश के प्रधानमंत्री बने थे।सन् 2013 की आपदा में तबाह हुए केदारनाथ के पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम की कायापलट में प्रधानमंत्री की विशेष रुचि जगजाहिर है। वह समय-समय पर इन कार्यों की समीक्षा विभिन्न माध्यमों से स्वयं करते रहते हैं। लेकिन हिमालय पर एक के बाद एक जिस तरह विप्लव हो रहे हैं उनके आलोक में पवित्रस्थलों की स्थिरता का विषय सुन्दरता से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। अस्थिरता का खतरा बरकरार केदारनाथ क्षेत्र में गत 22 सितम्बर से लेकर 2 अक्तूबर तक 3 बड़े एवलांच आने के बाद उत्तराखण्ड सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने केदारनाथ मंदिर को एवलांच से तो सुरक्षित पाया मगर साथ ही समिति ने सरकार को अवगत कराया कि केदारनाथ धाम चोराबाड़ी और निकटवर्ती ग्लेशियों से आए मोरेन या मलबे के आउटवाश प्लेन पर स्थित है जिस पर भारी निर्माण खतरनाक साबित हो सकता है। इसी आधार पर वाडिया हिमालयी भूगर्व संस्थान, उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, भारतीय भूगर्व विज्ञान सर्वेक्षण विभाग ने पूर्व में केदारनाथ में भारी निर्माण की मनाही की थी, लेकिन पुनर्निमाण के नाम पर वहां जितने भारी भरकम निर्माण कार्य होने थे वे पहले ही हो चुके हैं और अब सौंदर्यीकरण और आवासीय उद्देश्य के निर्माण कार्य चल रहे हैं। प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मभूषण चण्डी प्रसाद भट्ट का भी कहना है कि किसी भी स्थान की सुन्दरता तो अच्छी लगती ही है। लेकिन सुन्दरता से अधिक महत्वपूर्ण इन पवित्र स्थलों की स्थिरता है। अगर ये तीर्थस्थल ही नहीं रहेंगे तो सुन्दरता कहां रहेगी चिपको नेता कहते हैं कि मौजूदा हालात में चारों ही धाम किसी न किसी कारण से सुरक्षित नहीं हैं। चारों हिमालयी धामों में से कहीं भी क्षेत्र विशेष की धारक क्षमता (कैरीयिंग कैपेसिटी) से अधिक मानवीय भार नहीं पड़ना चाहिए, अन्यथा हमें आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। भट्ट इन धामों में अनावश्यक छेड़छाड़ के पक्ष में नहीं हैं। वह लोकल वार्मिंग से भी चिंतित हैं। चिपको प्रणेता के अनुराध पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने इन क्षेत्रों का लैंडस्लाइड हैजार्ड जोनेशन मैप बनवाकर संवेदनशील क्षेत्र चिन्हित करवाए थे। विनाशकारी एवलांच आपदाओं की लम्बी श्रृंखला उत्तराखण्ड सरकार द्वारा गठित डा0 पियूष रौतेला विशेषज्ञ समिति ने भी कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए एवलांच और भूस्खलन को सबसे अधिक चिन्ता का विषय बताया है। समिति ने केदारनाथ आपदा के बाद 7 फरवरी 2021 को धौलीगंगा हिमस्खलन और बाढ़ का उदाहरण दिया है, जिसमें 207 लोग मारे गए और अरबों रुपये लागत के पावर प्रोजेक्ट बरबाद हुए थे। इसी तरह उसी क्षेत्र में सुमना गिरथीगंगा घाटी में 23 अप्रैल 2021 को एवलांच में 18 मजदूर दब कर मर गए थे। 2 अक्टूबर 2021 को 7 पर्वतारोही भी दब कर मरे। अक्तूबर 1998 में 27 लोग एवलांच में दबे और 23 जून 2008 को 20 लोग इसी तरह एवलांच की चपेट में आ कर मरे। नवीनतम उत्तरकाशी की डोकरानी ग्लेशियर क्षेत्र में द्रोपदी का डांडा में 4 अक्तूबर को एवलांच की चपेट में आने से 27 पर्वतारोही मारे गए और 2 का पता नहीं चला।केदारनाथ की तरह ही विशेषज्ञों की राय के बिना बदरीनाथ का मास्टर प्लान भी बना। इससे पहले 1974 में बिड़ला ग्रुप के जयश्री ट्रस्ट द्वारा बदरीनाथ के जीर्णोद्धार का प्रयास किया गया था, लेकिन चिपको नेता चण्डी प्रसाद भट्ट, गौरा देवी तथा ब्लाक प्रमुख गोविन्द सिंह रावत आदि के विरोध के चलते उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था। बदरीनाथ एवलांच, भूस्खलन और भूकम्प के खतरों की जद में है और वहां लगभग हर 4 या 5 साल बाद एवलांच से भारी नुकसान होता रहता है। प्राचीनकाल में अनुभवी लोगों ने बदरीनाथ मंदिर का निर्माण ऐसी जगह पर किया जहां एयर बोर्न एवलांच सीधे मंदिर के ऊपर से निकल जाते हैं और बाकी एवलांच अगल-बगल से सीधे अलकनन्दा में गिर जाते, इसलिए मंदिर तो काफी हद तक सुरक्षित माना जाता है, लेकिन 3 वर्ग किमी में 85 हैक्टेयर में फैले बदरी धाम का ज्यादातर हिस्सा एवलांच और भूस्खसलन की दृष्टि से अति संवेदनशील है। वास्तव में जब तक वहां के चप्पे-चप्पे का भौगोलिक और भूगर्वीय अध्ययन नहीं किया जाता तब तक किसी भी तरह के मास्टर प्लान का कोई औचित्य नहीं है। बदरीनाथ के तप्तकुण्डों के गर्म पानी के तापमान और वॉल्यूम का भी डाटा तैयार किए जाने की जरूरत है, क्योंकि अनावश्यक छेड़छाड़ से पानी के स्रोत सूख जाने का खतरा बना रहता है।भागीरथी के उद्गम क्षेत्र में गंगोत्री मंदिर पर भैंरोंझाप नाला खतरा बना हुआ है। इसरो द्वारा देश की चोटी के वैज्ञानिक संस्थानों की मदद से तैयार किए गए लैण्डस्लाइड जोनेशन मैप के अनुसार गंगोत्री क्षेत्र में 97 वर्ग किमी. इलाका भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है जिसमें से 14 वर्ग किमी. का इलाका अतिसंवेदनशील है। गोमुख का भी 68 वर्ग कि.मी. क्षेत्र संवेदनशील बताया गया है। भूगर्व सर्वेक्षण विभाग के वैज्ञानिक पी.वी.एस. रावत ने अपनी एक अध्ययन रिपोर्ट में चेताया है कि अगर भैरोंझाप नाले को ठीक नहीं किया गया तो ऊपर से गिरने वाले बड़े बोल्डर गंगोत्री मंदिर को धराशयी करने के साथ ही भारी जनहानि कर सकते हैं। यमुनोत्री मंदिर के सिरहाने खड़े कालिंदी पर्वत से वर्ष 2004 में हुए भूस्खलन से मंदिर परिसर के कई निर्माण क्षतिग्रस्त हुए तथा छह लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2007 में यमुनोत्री से आगे सप्तऋषि कुंड की ओर यमुना पर झील बनने से तबाही का खतरा मंडराया जो किसी तरह टल गया। वर्ष 2010 से तो हर साल यमुना में उफान आने से मंदिर के निचले हिस्से में कटाव शुरू हो गया है। कालिन्दी पर्वत यमुनोत्री मन्दिर के लिए स्थाई खतरा बन गया है। सन् 2001 में यमुना नदी में बाढ़ आने से मंदिर का कुछ भाग बह गया था।



# अंधविरोध से उपजीं फर्जी खबरें, लेकिन झूठ को सही बताने वालों की सेहत पर नहीं पड़ता फर्क

रामधारी सिंह दिनकर ने लिखा है, 'जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है।' ऐसा ही तब होता है, जब कोई अंधविरोध से ग्रस्त हो जाता है। अंधविरोध से ग्रस्त लोग किस तरह छल-कपट का सहारा लेते हैं और झूठ गढ़ते हैं और उसे सच की तरह फैलाते हैं, इसे समझने के लिए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की उस कार्रवाई से अवगत होना होगा, जिसमें उसने समाचार पोर्टल 'द वायर' के संस्थापक और संपादक समेत तीन लोगों के आवास पर छापेमारी की। यह छापेमारी क्यों की गई, इसकी तह तक जाने पर ही हाल के समय के एक सबसे बड़े झूठ का पर्दाफाश होगा। इस छापेमारी की जड़ में वह फर्जी खबर है, जिसके जरिये द वायर ने यह सिद्ध करने की कोशिश की थी कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप की पैतृक कंपनी मेटा ने भाजपा आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को ऐसे अधिकार प्रदान कर दिए हैं कि वह इंस्ट्रग्राम की किसी भी पोस्ट को चुटकियों में हटा सकते हैं। यह नितांत आधारहीन, हास्यास्पद और सिरे से फर्जी खबर थी, लेकिन उसे सही साबित करने की जिद ठान ली गई और एक झूठ को छिपाने के लिए हजार झूठ बोलने की उक्ति चरितार्थ की गई। जब इस फर्जी खबर पर मेटा के कम्युनिकेशन हेड ने आपत्ति जताई तो उसकी परवाह नहीं की गई और उलटे खबर को सही बताने के लिए कुछ और फर्जी खबरें छापी गईं। इसके लिए कुछ ईमेल का हवाला दिया गया। ये ईमेल भी फर्जी निकलीं। इसके बाद एक वीडियो के जरिये यह समझाने की कोशिश की गई कि खबर सही है, लेकिन यह वीडियो भी फर्जी निकला। इसके उपरांत फर्जी खबर को सही सिद्ध करने के जुनून में कुछ विशेषज्ञों का उल्लेख किया गया। इन विशेषज्ञों ने भी स्पष्ट किया कि उनके हवाले से जो कुछ लिखा गया, वह फर्जी है। चौतरफा घिर जाने और फजीहत होने पर गलती मानकर पाठकों से तो खेद व्यक्त किया गया, लेकिन जिन अमित मालवीय को बदनाम किया गया, उनसे नहीं। इसी कारण उन्होंने दिल्ली पुलिस में एफआइआर दर्ज कराई। पता नहीं दिल्ली पुलिस की आगे की कार्रवाई में क्या होगा, लेकिन यह अपने आप में एक अनोखा मामला है, जिसमें एक फर्जी खबर को सही साबित करने के लिए कई फर्जी खबरें छापी गईं। यह वैसी कोई फर्जी खबर नहीं थी, जो किसी अनाम-गुमनाम व्यक्ति या संस्था ने सोशल नेटवर्क साइट्स के जरिये फैलाई और गफलत या हड़बड़ी में किसी मीडिया संस्थान ने उसे सही समझ लिया। यह सोच-समझकर गढ़ी गई फर्जी खबर थी और उस पर तब तक टिके रहा गया, जब तक ऐसा संभव हो सका। इस फर्जी खबर को तब वापस लिया गया, जब इसके अलावा और कोई चारा नहीं रह गया। यह किसी से छिपा नहीं कि इंटरनेट और विशेष रूप से उस पर आधारित सोशल नेटवर्क साइट्स के कारण फर्जी खबरें गढ़ने और उन्हें फैलाने के काम ने एक उद्योग का रूप ले लिया है। चिंताजनक यह है कि इस उद्योग में खुद को स्वतंत्र मीडिया कहने वाले द वायर जैसे पोर्टल भी शामिल हैं। इसी वर्ष के प्रारंभ में इस पोर्टल ने एक और फर्जी खबर यह छापी थी कि भाजपा के पास 'टेक फाग' नाम का एक ऐसा शक्तिशाली एप है, जो ट्विटर ट्रेंड्स को हाईजैक करने के साथ सोशल नेटवर्क साइट्स पर किसी के भी अकाउंट को हैक करने की सामर्थ्य रखता है। खबर के अनुसार भाजपा इस एप के जरिये अपने विरोधियों के विरुद्ध दुष्प्रचार भी फैलाती है। इस खबर को कुछ देसी-विदेशी मीडिया संस्थानों ने सही माना और उसके हवाले से यह लिखा कि भारत में किस तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किया जा रहा है। इस फर्जी खबर को वाशिंगटन पोस्ट, विकीपीडिया समेत लोकतंत्र का आकलन करने वाले संगठन फ्रीडम हाउस ने भी सही समझा। फ्रीडम हाउस ने इस और ऐसी ही कुछ और फर्जी खबरों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि भारत में अब आंशिक लोकतंत्र रह गया है। यह फर्जी खबर करीब नौ माह बाद वापस ली गई। कोई भी समझ सकता है कि इससे जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई नहीं हो सकती, क्योंकि कई अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों ने टेक फाग के शिगूफे को सही मानकर खबरें जारी की थीं। कोई नहीं जानता कि ये फर्जी खबरें दुनिया भर में कहां-कहां छपी होंगी? खबरों का काम आपाधापी वाला होता है और इसके चलते किसी से भी गलती हो सकती है, लेकिन जब कोई फर्जी खबर सोच-समझकर लिखी जाए और उस पर कायम रहने के लिए कुछ और फर्जी खबरें लिखी जाएं तो फिर उसे गलती या गफलत नहीं फरेब ही कहा जाएगा। ऐसी फर्जी खबरें अंधविरोध का नतीजा होती हैं और इसी कारण तमाम आपत्तियों के बाद भी उन पर कायम रहा जाता है। इस अंधविरोध का कोई उपचार नहीं, इसका पता इससे चलता है कि जिन लोगों ने यह साबित किया था कि जज लोया हार्ट अटैक से नहीं, बल्कि किसी साजिश का शिकार होकर मरे थे, वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी सच स्वीकार करने को तैयार नहीं हुए। इसी तरह का रवैया कृषि कानून विरोधी आंदोलन के समय गढ़ी गई इस फर्जी खबर को लेकर भी दिखाया गया था कि ट्रैक्टर पर सवार एक प्रदर्शनकारी दिल्ली पुलिस की गोली से मारा गया। यह प्रदर्शनकारी अपने ही ट्रैक्टर के पलट जाने से मरा था। इसका वीडियो भी था और पुलिस एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी, लेकिन झूठ को सही बताने वालों की सेहत पर कोई फर्क इसलिए नहीं पड़ा, क्योंकि उनकी आंखों पर अंधविरोध की पट्टी थी।




# सवालों के घेरे में भुखमरी सूचकांक, किसी लकीर को मिटाने के बजाय बड़ी लकीर खींचने की जरूरत

कोई भी सांख्यिकीविद् या अर्थशास्त्री यह स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होगा कि भारत गंभीर भुखमरी की स्थिति में है, लेकिन आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों द्वारा जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत को अफ्रीकी देशों के साथ गंभीर भुखमरी की स्थिति में दिखाया गया है और यूक्रेन युद्ध, कोविड महामारी, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय संघर्षों से खाद्य कीमतों में वृद्धि और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आदि कारणों को वैश्विक स्तर पर भुखमरी बढ़ने का प्रमुख कारण बताया गया है। भारत ने हमेशा ही अपनी खाद्य प्रणाली को सर्वोच्च प्रथमिकता दी है। इसी कारण वह कोविड महामारी में प्रत्येक गरीब परिवार को भोजन उपलब्ध कराने में सफल रहा। इस दौरान सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा पूरे संसार ने की है। आइएमएफ ने कहा है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के कारण 2020 में गरीब लोगों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। इन परिस्थितियों में 2022 का वैश्विक भुखमरी सूचकांक स्वयं को ही संदेह के कठघरे में खड़ा करता है। उसकी रपट भविष्य में खाद्य संकट से निपटने के लिए सरकारों को अधिक न्याययंगत, समावेशी, टिकाऊ और लचीला बनाने का सुझाव देते हुए जिन नीतियों का प्रस्ताव करती है, वे सभी नीतियां पहले से ही भारत का हिस्सा हैं। इसके बावजूद यह सूचकांक म्यांमार को 71वां, पाकिस्तान को 99वां एवं श्रीलंका को 64वां और भारत को 107वां स्थान देता है।भारत ने हमेशा ही अपनी खाद्य प्रणाली को सर्वोच्च प्रथमिकता दी है। इसी कारण वह कोविड महामारी में प्रत्येक गरीब परिवार को भोजन उपलब्ध कराने में सफल रहा। इस दौरान सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा पूरे संसार ने की है। आइएमएफ ने कहा है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के कारण 2020 में गरीब लोगों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। इन परिस्थितियों में 2022 का वैश्विक भुखमरी सूचकांक स्वयं को ही संदेह के कठघरे में खड़ा करता है। उसकी रपट भविष्य में खाद्य संकट से निपटने के लिए सरकारों को अधिक न्याययंगत, समावेशी, टिकाऊ और लचीला बनाने का सुझाव देते हुए जिन नीतियों का प्रस्ताव करती है, वे सभी नीतियां पहले से ही भारत का हिस्सा हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी जीत के बाद नई सरकार बनाने की कोशिश करेंगी डेनमार्क की पीएम फ्रेडरिकसन

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के चुनाव में मंगलवार को सोशल डेमोक्रेट्स ने सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज की है। प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन सत्ता में बने रहने के लिए एक मजबूत स्थिति में हैं। चुनावी नतीजों के बाद फ्रेडरिकसेन ने बुधवार सुबह कोपेनहेगन में अपने समर्थकों से



कहा कि मैं बहुत रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। हमने 20 सालों में सबसे अच्छा चुनाव परिणाम हासिल किया है। फ्रेडरिकसन, जो एक सामाजिक लोकतांत्रिक अल्पसंख्यक सरकार का नेतृत्व करती हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री के रूप में इस्तीफा दे देंगी और राजनीतिक विभाजन में व्यापक समर्थन के साथ एक नई सरकार बनाने की कोशिश करेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह भी स्पष्ट है कि सरकार के मौजूदा स्वरूप में अब बहुमत नहीं है। इसलिए, कल मैं क्वीन को अपनी सरकार का इस्तीफा सौंप दूंगी।

# नोएडा के मिनी इंडोर स्टेडियम में होगा 8 वां बाबा शीतल कुश्ती गोल्ड प्रतियोगिता का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** बाबा शीतल मैमोरियल ट्रष्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 वां बाबा शीतल कुश्ती गोल्ड प्रतियोगिता का आयोजन तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे। आपको बता दें कि प्रत्येक वर्ष बाबा शीतल मैमोरियल ट्रष्ट द्वारा देश के पहलवानों की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं जिसमें ट्रष्ट आठवा बाबा शीतल कुश्ती गोल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा हैं जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से करीब पाँच सौ से अधिक पहलवान प्रतिभाग करेंगें वही इस




किया जा रहा हैं जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से राष्ट्रीय स्तर के कम से कम 500 से अधिक पहलवान हिस्सा लेंगें वही इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में फ़िल्म स्टार व सांसद मनोज तिवारी, क्षेत्रीय सांसद डॉ महेश शर्मा सहित तीनों विधानसभा के विधायक व अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। वही इस प्रेसवार्ता के दौरान शीतल मैमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतपाल यादव, संरक्षक राकेश यादव, ट्रष्टि सुन्दर यादव, संरक्षक भाटी पहलवान सहित ट्रष्ट के देश के विभिन्न प्रदेशों से आये पहलवान इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं उसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा शीतल मेमोरियल ट्रष्ट द्वारा आठवा बाबा शीतल कुश्ती गोल्ड प्रतियोगिता का आयोजन नोएडा के मिनी इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं जो आगामी पाँच नवम्बर से छः नवम्बर तक होगा चाहिए इस प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बाबा शीतल मेमोरियल ट्रष्ट के अध्यक्ष सत्यपाल यादव ने बताया कि इस वर्ष बाबा शीतल मेमोरियल बार इस प्रतियोगिता को पाँच भागों में बांटा गया हैं जिन्हें प्रथम से लेकर पंचम टाइटल का नाम दिया गया हैं। वही प्रेस वार्ता के दौरान ट्रष्ट के संरक्षक राकेश यादव ने बताया कि इस गोल्ड कुश्ती प्रतियोगिता में देश के अनेक प्रदेशों से राष्ट्रीय स्तर के पाँच सौ से अधिक पहलवान हिस्सा लेंगें वही इस कुश्ती प्रतियोगिता को पाँच भागों में बांटा गया हैं जिसमें प्रथम टाइटल में भारत केसरी 82 किलो से अधिक वजन के पहलवान हिस्सा लेंगें जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले को एक लाख इक्यावन हजार रुपये वही दूसरे स्थान पाने वाले को 71 हजार व तीसरे स्थान पाने वाले को 51 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जाएंगे। जबकि द्वितीय टाइटल में भारत कुमार - 75 किलोग्राम से अधिक के पहलवान भाग लेंगे जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले पहलवानों को एक लाख, 51 हजार व 31 हजार रुपये का इनाम दिया जायेगा। जबकि तृतीय टाइटल में भारत वीर अभिमन्यु जिसमें 68 किलोग्राम से अधिक के पहलवान प्रतिभाग करेंगें जिन्हें क्रमशः 61 हजार, 31 हजार व 21 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे वही प्रेस वार्ता के दौरान एक सवाल के पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में होने वाली अपार भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं जिसमें वालंटियर के साथ साथ पुलिस बल भी तैनात किया जायेगा जिसके लिए बाबा शीतल मेमोरियल ट्रष्ट द्वारा गौतमबुद्ध नगर के कमिश्नर अलोक सिंह से अनुरोध किया गया हैं और ट्रष्ट द्वारा आशा कि गई हैं कि इस दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन में सुरक्षा कि दृष्टि से पुलिस प्रशासन अपना पूरी तरह से सहयोग प्रदान करेगा। वही गोल्ड कुश्ती प्रतियोगिता में पाँच टाइटलों में भारत केसरी, भारत कुमार, भारत वीर अभिमन्यु, भारत बाल केसरी और भारत बाल भीम के रूप में कुश्ती प्रतियोगिता होंगी। जिसमें महिला पहलवान भी इस कुश्ती प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकती हैं।

# राज्यपाल के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेगी डीएमके, सांसदों को लिखा पत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कोयंबटूर कार विस्फोट का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्यपाल आरएन रवि ने इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने में कथित राज्य सरकार की देरी पर असंतोष व्यक्त किया था। मामला तूल पकड़ने पर सत्तारुढ़ डीएमके ने राष्ट्रपति से राज्यपाल को वापस





बुलाने की मांग करेगी पार्टी के नेता टीआर बालू ने पार्टी के सांसदों और समान विचारधारा वाले दलों को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया कि वे पार्टी मुख्यालय में आकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन को पढ़ें और हस्ताक्षर करें जिसमें तमिलनाडु के राज्यपाल की तत्काल वापसी का जिक्र है। ज्ञापन में राज्यपाल की तत्काल वापस बुलाने की मांग की गई है।सीपीएम के राज्य सचिव के बालकृष्णन ने शनिवार को कोयंबटूर कार विस्फोट पर राज्यपाल आरएन रवि की टिप्पणी की निंदा की और उन्हें वापस बुलाने की मांग की. बालकृष्णन ने कहा कि रवि ने मामले की एनआईए जांच की सिफारिश करने में देरी के लिए तमिलनाडु सरकार को जिम्मेदार ठहराया। लेकिन विस्फोट में शामिल लोग पहले से ही एनआईए की जांच के दायरे में थे और एजेंसी विस्फोट को रोकने में विफल रही बता दें कि कुछ दिन पहले राज्यपाल रवि ने हाई-प्रोफाइल आतंकी साजिश में महत्वपूर्ण सबूतों के संभावित छेड़छाड़ पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की थी। राज्यपाल ने पुलिस की प्रशंसा की जिसने घटना के कुछ घंटों के भीतर कार विस्फोट को एक गंभीर आतंकी हमले की साजिश के रूप में स्थापित किया और राज्य सरकार द्वारा नरमी पर अफसोस जताया। उन्होंने आतंकवाद पर कोई राजनीति नहीं करने और आतंकवादियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरतने का आग्रह किया क्योंकि वे देश के दुश्मन हैं और किसी के दोस्त नहीं हैं।कोयंबटूर के कोट्टई ईश्वरन मंदिर के पास 23 अक्टूबर को एक कार में ये सिलेंडर विस्फोट हुआ था। इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई थी। जांच एजेंसी 27 अक्टूबर को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी था एनआईए ने आरोपी के घर से जिहादी सामग्री बरामद होने का जिक्र किया है। एनआईए ने आरोपियों से 109 चीजें बरामद की हैं। इनमें इस्लामिक और जिहादी विचारधारा से जुड़ी नोटबुक भी शामिल हैं। इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस मामले की एनआईए से जांच कराने की सिफारिश की थी। तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि आतंकवाद रोधी केंद्रीय एजेंसी को जांच की सिफारिश करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि इस मामले में संभावित अंतरराष्ट्रीय संपर्क के साथ ही राज्य से बाहर के तत्वों की संलिप्तता थी। कोयंबटूर विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने में कथित राज्य सरकार की देरी पर असंतोष व्यक्त करते हुए, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने कहा था कि आतंकवाद पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। मिली ताजा जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक टीम जांच के लिए कोयंबटूर सिलेंडर विस्फोट स्थल पर पहुंची है। वहीं तमिलनाडु के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने 30 अक्टूबर को कहा कि कोयंबटूर सिलेंडर कार विस्फोट मामले के दस्तावेज एनआईए को सौंप दिए है।

# सऊदी अरब पर बड़े हमले की तैयारी में ईरान, खुफिया रिपोर्ट में दावा; अलर्ट पर अमेरिकी सेना

**वॉशिंगटन।** सऊदी अरब ने अमेरिका को चेताया है कि ईरान एक बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। ईरान के निशाने पर सऊदी अरब है। ईरान द्वारा खुफिया जानकारी साझा करने के बाद अमेरिका की खाड़ी देशों में तैनात अमेरिका की सेना को सर्तक कर दिया गया है। इस खुफिया रिपोर्ट की पुष्टि अमेरिका और सऊदी के अधिकारियों ने की है। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद सऊदी अरब, अमेरिका



और कई अन्य पड़ोसी देशों ने अपने सैन्य बलों के लिए सतर्कता का स्तर बढ़ा दिया है। पेंटागन के प्रेस सचिव, ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर से सऊदी द्वारा साझा की गई खुफिया रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर उन्?होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य अधिकारी घाटी के क्षेत्र में खतरे की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जल्?द ही या अगले 48 घंटों में सऊदी में बड़ा हमला हो सकता है। राइडर ने कहा, 'हम अपने भागीदारों के साथ नियमित संपर्क में हैं। इस संदर्भ में जरूरी जानकारी उनके साथ साझा हो रही है। हमने पहले कहा है और मैं इसे दोहराऊंगा, वो यह कि हमें अपनी रक्षा और बचाव का अधिकार है। चाहे हमारी सेना इराक में हो या कहीं और सेवा कर रही हो, हमला हुआ तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।' सऊदी अरब की ओर से खुफिया जानकारी की पुष्टि तो हो गई है। हालांकि, इस रिपोर्ट को साझा नहीं किया गया है। अधिकारियों ने ये नहीं बताया कि आखिर पूरी रिपोर्ट कहती क?या है? ईरान के हालात इस समय ठीक नहीं हैं। पिछले कई महीनों से वहां हिजाब को लेकर महिलाएं विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। इस प्रदर्शन के दौरान कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। सऊदी अरब के अधिकारियों का कहना है कि देश में चल रहे भारी प्रदर्शन से लोगों का ध्यान हटाने के लिए ईरान सऊदी और इराक को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा है। सितंबर के अंत में ईरान ने दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइल और आर्म्ड ड्रोन के जरिए उत्तरी इराक पर हमला किया है।

# एनटीपीसी दादरी प्लांट पर किसानों का हंगामा, तालाबंदी की कोशिश में पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।**पुलिस ने किसान नेता सुखवीर खलीफा, ऊदल आर्य, प्रवीण चौहान, मुनीन्द्र समेत 30 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं और गांवों में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी है। एनटीपीसी दादरी में 1980 में हुए जमीन अधिग्रहण के मामले में एक बार फिर से किसान सड़कों पर आ गए हैं। मंगलवार को सैकड़ों की तादाद में आए किसानों ने प्लांट के गेट पर जमकर हंगामा किया और वहां पर तालाबंदी का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और पीएसी के अधिकारियों ने हंगामा कर रहे किसानों को काफी समझाने का प्रयास किया। जब किसान नहीं माने तो पहले तो उन पर वाटर केनन और फिर बाद में लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया गया । इसमें कुछ किसानों को चोट भी आई हैं। किसानों के प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर पहलवान समेत करीब 30 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है, जिसमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। एनटीपीसी दादरी के लिए वर्ष 1980 में जमीन का अधिग्रहण किया गया था। किसानों का कहना है कि उस दौरान कुछ जमीन 10 रुपये के रेट पर और कुछ जमीन 150 रूपये के रेट पर अधिग्रहित हुई



थी। उस समय करार किया गया था कि जो सुविधाएं और मुआवजा प्राधिकरण के द्वारा अन्य किसानों को दिया जाएगा, वही उन्हें भी मिलेगा। अब किसानों की मांग है कि उन्हें बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र का विकास हो। इन मांगों को लेकर किसानों ने प्राधिकरण को 31 अक्टूबर तक का समय दिया था और एक नवंबर से प्लांट पर तालाबंदी का ऐलान किया था। इसी क्रम में मंगलवार को क्षेत्र के गांव ऊंची अमीरपुर, खंगौड़ा, सीधीपुर, ततारपुर, रसूलपुर, प्यावली बिसाहड़ा, बड़पुरा, कैलाश पुर, रूपबांस समेत 24 गांवों के किसान प्लांट के गेट पर पहुंच गए और वहां पर तालाबंदी का प्रयास करते हुए धरना दिया। हालांकि, भारी फोर्स होने के कारण वह तालाबंदी नहीं कर सके। कई किसानों के चोटें भी आईं इस दौरान उनकी अनेक बार पुलिस अधिकारियों से नोंकझोंक भी हुई। आरोप है कि दोपहर में अचानक से प्लांट पर पीएसी कर्मियों की संख्या बढ़ गई और उसके बाद किसानों पर पहले फायर बिग्रेड की गाड़ियों से पानी की बौछार डाली गई और फिर उन पर लाठीचार्ज कर दिया गया, जिसमें अनेक किसानों के चोटें भी आई हैं। किसानों के अनुसार, पुलिस ने किसान नेता सुखवीर खलीफा, ऊदल आर्य, प्रवीण चौहान, मुनीन्द्र समेत 30 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं और गांवों में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। हालांकि, पुलिस अधिकारी लाठीचार्ज की बात से इनकार कर रहे हैं।

# जेवर कभी अपराध का गढ़ माना जाता था, आज वहां से विकास का रास्ता निकला- योगी आदित्यनाथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1,670 करोड़ रुपए की विकास योजनाएं आम आदमी को समर्पित की हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




ने कहा ङ्घआप लोगों को याद होगा जेवर को अपराध का गढ़ माना जाता था। मुझे याद है, सरकार के पहले साल की जुलाई महीने की वह विभत्स घटना, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया था। माफिया, गुंडे और दुष्कर्मी हावी थे। मैंने तभी तय कर लिया था कि इन माफियाओं और गुंडों को सबक सिखाना होगा। इन्हें जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। इसके बाद हमने गुंडों और माफियाओं पर कड़ा प्रहार करना शुरू किया। उनके खिलाफ दृढ़ इच्छा शक्ति से आगे बढ़े। जिसका परिणाम आपने देखा है ना केवल जेवर और गौतमबुद्ध नगर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश से माफियाओं का सफाया कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि आज उसी जेवर से विकास का रास्ता होकर निकला है। जेवर में ना केवल भारत का बल्कि दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बन रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब उत्तर प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं था, किसी की पूंजी सुरक्षित नहीं थी तो कौन भला यहां पर उद्योग लगाता है। अपने जीवन और पूंजी को संकट में डालने आता। अब उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। इस बदलती हुई तस्वीर और तकदीर को देख कर दुनिया भर के लोग यहां उद्योग लगाने आ रहे हैं। वह आज खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। गौतमबुद्ध नगर एक बार फिर विश्व पटल पर चमक रहा है। भरपूर फायदा ना केवल यहां के रहने वालों को बल्कि पूरे राज्य को मिल रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में पिछले साढे 5 वर्षों के दौरान औद्योगिक विकास तेजी से हुआ है। यूपी की बदलती तस्वीर और तकदीर पर यहां का हर निवासी गौरव महसूस कर रहा है।

# महिला ने प्रेमी से शादी करने के लिए पति को खाने में मिलाकर दिया जहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।**इकोटेक तीन कोतवाली पुलिस ने पति को खाने में जहर देकर मारने का प्रयास करने वाले आरोपी महिला को गिरफ्तार किया की तलाश में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हल्दौनी गांव में ज्ञानचंद सैनी अपनी पत्नी के साथ रहता था। चार दिन पहले ज्ञानचंद को उसकी पत्नी सोनम ने तीन कोतवाली में सोनम के खिलाफ शिकायत दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला सोनम सैनी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने



है। हल्दौनी गांव में किराए के मकान में रहने वाली महिला ने प्रेमी से शादी करने के लिए पति को खाने में जहर मिलाकर दिया था। गंभीर हालत में पीड़ित व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी महिला के प्रेमी खाने में जहर मिलाकर दे दिया था। इसके बाद वह घर का सामान समेटकर अपने प्रेमी कल्लू उर्फ कलुआ के साथ फरार हो गई थी। उधर, तबीयत बिगड़ने पर ज्ञानचंद सैनी को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां उसका अभी इलाज चल रहा है। इस मामले में ज्ञानचंद के पिता किशन सैनी ने ईकोटेक बताया कि पुलिस पूछताछ में सोनम ने बताया कि उसने अपने प्रेमी कल्लू उर्फ कलुआ के साथ षड्यंत्र के तहत पति को मारने की नियत से खाने में जहर मिला कर दिया था। उसका मकसद पति की मौत के बाद प्रेमी के साथ शादी करना था। पुलिस घटना में शामिल आरोपी महिला के प्रेमी की तलाश में जुटी है।

# एग्जिट पोल के अनुमान से खुश बेंजामिन नेतन्याहू बोले हम बड़ी जीत की ओर

**यरुशलम।** बेंजामिन नेतन्याहू एक बार फिर इजरायल के प्रधानमंत्री बन सकते हैं। इजरायल में हुए आम चुनाव के बाद हुए एग्जिट पोल में नेतन्याहू के पीएम बनने का अनुमान जताया गया है। पूर्व पीएम नेतन्याहू भी खुद अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बड़ी जीत



की ओर है। हम बड़ी जीत की ओर- ँहर्रेस्ह ेंैूर्हेब्ल् गौरतलब है कि इजरायल में चार वर्षों से भी कम समय में पांचवीं बार आम चुनाव कराए जा रहे हैं। यरुशलम में अपनी लिकुड पार्टी के चुनाव मुख्यालय में नेतन्याहू ने समर्थकों से कहा कि हमने इजरायल के लोगों से भारी विश्वास हासिल किया है। हम बड़ी जीत की ओर हैं।इजरायल में वोटिंग के बाद हुए टीवी चैनलों के एग्जिट पोल में नेतन्याहू की जीत का अनुमान जताया गया है। एग्जिट पोल के अनुसार, नेतन्याहू समर्थित दल नेसेट की 120 सीटों में से 62 सीटों पर कब्जा कर सकते हैं। हालांकि, अंतिम परिणाम आने में एक हफ्ते का समय लग सकता है। बेंजामिन नेतन्याहू इजरायल में सबसे लंबे समय लगातार 12 साल तक पीएम रहे। नेतन्याहू इस चुनाव के जरिये सत्ता में वापसी का प्रयास कर रहे हैं। पांच महीने पहले इजरायल में सियासी संकट के बाद सरकार गिर गई थी। तब येर लैपिड देश के पीएम बने थे। वहीं, एग्जिट पोल में लैपिड कैंप को 53-54 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। हालांकि, लैपिड ने अपनी हार स्वीकार नहीं की है। उन्होंने कहा कि वह अंतिम रिजल्ट आने तक इंतजार करेंगे। इजरायल में लगभग 67.8 लाख मतदाता हैं। इनमें 2.10 लाख युवाओं ने पहली बार मताधिकार का प्रयोग किया।

# उत्तर कोरिया की 10 मिसाइलों के जवाब में दक्षिण कोरिया ने दागी 3 मिसाइलें, क्या ये है जंग की दस्तक

**सियोल।** अमेरिका के लाख समझाने के बावजूद उत्?तर कोरिया मिसाइल परीक्षण करने से बाज नहीं आ रहा है। ऐसे में अब दक्षिण कोरिया ने भी किम जोंग-उन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दक्षिण कोरिया



ने बताया कि उसने उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रक्षेपण के जवाब में हवा से सतह पर मार करने वाली घातक मिसाइल का परीक्षण किया है। ये मिसाइल उत्?तर कोरिया की सीमा पर दागी गई हैं। क?या जंग की तरफ जा रहा कोरियाई प्रायद्वीप दक्षिण कोरिया की सेना द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को प्रतिद्वंद्वियों की पूर्वी सीमा के पास तीन सटीक-निर्देशित मिसाइलें दागीं हैं। इन्?हें बुधवार की सुबह उत्तर कोरियाई मिसाइल परीक्षणों के जवाब में दागा गया। दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरियाई मिसाइलों में से एक समुद्री सीमा के पास गिरी। दक्षिण और उत्?तर कोरिया के बीच पिछले कुछ समय से तनाव बढ़ गया है। ये तनाव दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच संयुक्?त सैन्?य अभ्?यास के बाद और बढ़ गया। इस बीच उत्?तर कोरिया ने बुधवार सुबह एक के बाद एक 10 मिसाइलें दाग कर अमेरिका और दक्षिण कोरिया को उकसाया। उत्?तर कोरिया द्वारा दागी गई 10 मिसाइलों में से एक दक्षिण कोरिया की सीमा पर भी गिरी। ऐसे में दक्षिण कोरिया ने भी जवाब देते हुए 3 मिसाइलें दागी हैं। इसके साथ ही दक्षिण कोरिया ने अपने पूर्वी द्वीप पर हवाई हमले का अलर्ट जारी करते हुए सेना को अलर्ट कर दिया है। उत्?तर और दक्षिण कोरिया के बीच दशकों से संघर्ष चला आ रहा है। चीन और रूस कथित तौर पर उत्?तर कोरिया का साथ देते आए हैं। वहीं, उत्?तर कोरिया के समर्थन में हमेशा अमेरिका खड़ा रहा है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका समय-समय पर युद्धाभ्?यास भी करते रहते हैं। हाल ही में दोनों देशों के बीच जब युद्धाभ्?यास हुआ, तो उत्?तर कोरिया ने इसकी कड़ी निंदा की थी। साथ ही दक्षिण कोरिया को अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी थी। उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइल दागे जाने के बाद दक्षिण कोरिया के साथ अमेरिका भी अलर्ट मोड में है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा है कि उत्तर कोरिया ने बुधवार सुबह पूर्वी तटीय क्षेत्र वॉनसन से मिसाइल दागी। अब दक्षिण कोरिया ने इसका जवाब भी दे दिया है।

# बॉक्स ऑफिस पर फेल हुआ अजय-सिद्धार्थ का जादू, 8वें दिन लुढ़क गया थैंक गॉड का बिजनेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म थैंक गॉड को रिलीज हुए आठ दिन हो चुके हैं। यह कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जिसे 25 अक्टूबर को रिलीज ही कहानी बयां कर रहे हैं। ईद के मौके पर अजय देवगन की रनवे 34 रिलीज हुई थी, जो कि फ्लॉप थी। अब दिवाली के मौके पर थैंक गॉड रिलीज हुई है। 70 करोड़ के बजट से बनी इस फिल्म को इंद्र मुताबिक, शुरुआती छह दिनों में फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 31.25 करोड़ तक रहा। वहीं, फिल्म ने सातवें दिन दो करोड़ और कमाए। यानी कि कुल मिलाकर 33.25 करोड़ का कलेक्शन कर



किया गया था। 'थैंक गॉड' ने पहले दिन 8.1 करोड़ की ठीक-ठाक कमाई की थी। मगर इसके बाद फिल्म का कलेक्शन दिन प्रतिदिन घटता ही चला गया। जहां फेस्टिव सीजन में इस मूवी के आने से फ्लॉप हो रही फिल्मों से बॉलीवुड की डूबती नैया पार लगाने का अंदेशा था, वहीं इसकी कमाई के आंकड़े अलग कुमार ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म को न तो वीकेंड का फायदा मिला और न ही दिवाली का। पहले दिन 8.1 करोड़ की कमाई करने के बाद ही इसकी कमाई में गिरावट देखी गई। कह सकते हैं कि पहले दिन जैसा कमाल यह फिल्म दूसरे दिन से लेकर अब तक नहीं दिखा पाई है। ट्रेड एनालिस्ट्स के लिया। अब आठवें दिन की कमाई देखें, तो फिल्म ने 1 करोड़ 55 लाख के आसपास की कमाई की है। फिल्म में अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के अलावा रकुल प्रीत सिंह भी हैं। इतने दिग्गज कलाकारों के होने के बावजूद फिल्म थिएटर्स तक दर्शकों को नहीं खींच पा रही है।

# प्रियंका और अंकित के बीच घर में हुआ बड़ा झगड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 सीजन दर्शकों को पसंद आ रहा है। 1 अक्टूबर को ऑन एयर हुए इस शो में एक महीने में साम-दाम-दंड-भेद से लेकर बिग बॉस का मजेदार गेम भी दर्शकों को देखने को मिल रहा है। जहां घरवाले एक स्ट्रेटेजी बनाते, तो वहीं बिग बॉस उनकी सारी योजनाओं पर पानी फेर देते



हैं। हालांकि शुरुआत में ही कई सदस्यों के रिश्ते घर के अन्दर बनते दिखें, तो कई कंटेस्टेंट के बिगड़ते। हाल ही में प्रियंका और अंकित जो घर के सबसे फेवरेट कपल मानें जाते हैं, उनके बीच भी घर के इस शख्स को लेकर लड़ाई हो गई। बिग बॉस के घर में अच्छे दोस्त बनकर आए प्रियंका और अंकित के बीच झगड़ा किसी और को लेकर नहीं बल्कि शालीन भनोट की वजह से हुआ। बिग बॉस के मेकर्स ने हाल ही में कलर्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नया प्रोमो शेयर किया है। इस वीडियो में प्रियंका अंकित के सामने बैठकर शालीन के मेडिकल इश्यू के बारे में तेज-तेज बात करती नजर आ रही हैं। वीडियो में अंकित प्रियंका की इस हरकत से झल्लाते हुए दिखाई दे रहे हैं और ये कह रहे हैं कि एक चीज को 50 बार रिपीट करने से कोई फायदा नहीं है। एक्टर की इस बात को सुन प्रियंका काफी दुखी हुइ अंकित के इस बर्ताव से प्रियंका रो पड़ती हैं और साजिद के सामने अंकित को ये कहती हुई नजर आईं, 'लोग मुझे गलत समझते हैं, जबकि मैंने इसका बुरा कभी नहीं चाहा, मैं इसका सोच रही थी। इसके इंवोल्वमेंट के लिए मैं इससे बातें करती हूं, तो ये बोलता है कि प्लीज मुझसे बातें मत करो। प्रियंका की इस बात को सुन अंकित ने कहा, 'मेरी केयर मत करो, तुम अपना देखो, मैं अपना देखूंगा'। प्रियंका को अंकित का ये एटीट्यूड बिलकुल भी पसंद नहीं आया, जिसके बाद उन्होंने अंकित से कहा कि मैं ये पिछले 2 साल से झेल रही हूं। इस बात को सुनने के बाद गुस्से में तमतमाते हुए अंकित प्रियंका को ये कहते दिखें मैं बुरा हूं, तुम अपना देखो, मेरे इसमें मत पड़ो और वहां से उठकर चले गए। प्रियंका और अंकित के लड़ाई भरे इस प्रोमों को देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस का दिल भी टूट गया है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'प्लीज-प्लीज प्रियंका-अंकित का पैचअप करवा दो'।

# जब सुहागरात के दिन एक फोन कॉल पर गौरी को छोड़ इस एक्ट्रेस के पास चले गए थे शाह रुख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के किंग यानी शाह रुख खान के फैंस के लिए आज का दिन किसी त्योहार से कम नहीं है। आज शाह रुख का जन्मदिन है। सिफर से शिखर तक का सफर तय करने वाले शाह रुख आज अपना 57वां जन्मदिन मना सुहागरात नहीं मना पाए थे। साल 1991 में शाह रुख ने गौरी से शादी की थी। गौरी संग शादी के लिए एक्टर को काफी पापड़ बेलने पड़े थे। इस वक्त शाह रुख अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए दिन रात कोशिशों में लगे थे। वो बस उस एक ब्रेक के इंतजार में थे, जो शाह रुख उस समय स्ट्रगल कर रहे थे इसलिए उन्होंने जल्दी-जल्दी अपनी शादी की सारी रस्मों को पूरा किया और हेमा मालिनी से मिलने पहुंच गए। हेमा ने उन्हें अपने प्रोडक्शन में बन रही फिल्म 'दिल आशना है' के लिए बुलाया था। वो शाह रुख को धर्मेंद्र से मिलवाना



रहे हैं। इस खास मौके पर उनके फैंस और चाहने वाले उन्हें जमकर बधाई दे रहे हैं। वहीं बॉलीवुड स्टार्स भी एक्टर को इस खास दिन की बधाई देते नजर आ रहे हैं। शाह रुख खान के बारे में वैसे तो कई किस्से फेमस हैं, लेकिन आज हम आपको उनकी सुहागरात से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा बताने जा रहे हैं। शाह रुख खान को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे तो कई किस्से हैं जो बेहद मजेदार हैं और उन्हें किस्सों में शुमार होता है हेमा मालिनी और शाहरुख खान का वह किस्सा जिसमें हेमा मालिनी की वजह से शाहरुख खान अपनी उनकी पूरी लाइफ को बदल कर रख दे। ये मौका आया भी, लेकिन शाह रुख के सुहागरात के दिन। क्योंकि वह दूसरे धर्म के थे इसी वजह से गौरी खान के परिवार वाले इस रिश्ते के लिए नहीं मान रहे थे। इसके बावजूद शाह रुख और गौरी ने हिम्मत नहीं हारी और परिवार को मनाने की कोशिशों में जुटे रहे। दरअसल, जिस समय शाह रुख खान, गौरी खान के साथ शादी कर रहे थे उसी समय उन्हें हेमा मालिनी का कॉल आया। हेमा ने उन्हें तुरंत ही फिल्म 'दिल आशना है' की शूटिंग के लिए दिल्ली से मुंबई पहुंचने के लिए कहा। चूंकि चाहती थीं। शादी से पहले शाह रुख ने गोरी से वादा किया था कि वो उन्हें हेमा मालिनी से मिलवाएंगे। इसी वाले को पूरा करने के लिए वो पत्नी को भी अपने साथ मालिनी के ऑफिस ले गए। हेमा ने उन्हें कहा था कि वह थोड़ी देर में वहां पर पहुंच जाएंगी। शाह रुख की पत्नी गौरी दुल्हन के जोड़े में पूरी रात वहीं बैठी थीं, लेकिन हेमा मालिनी उस पूरी रात नहीं आई थी। ऐसे में हेमा का इंतजार करते-करते शाह रुख खान की पत्नी सो गई थीं और वो अपनी सुहागरात वह नहीं मना पाए थे।

# शार्क टैंक की हुई धमाकेदार वापसी, अशनीर ग्रोवर की जगह इस नए जज ने ली एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश को बिजनेस का आइडिया और इन्वेस्टमेंट का तरीका सिखाने वाला इंटरेस्टिंग शो शार्क टैंक इंडिया एक बार फिर वापसी कर रहा है। पिछले सीजन की सफलता के बाद फैंस और कारोबारी शार्क टैंक से जुड़ने के लिए इसके दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब मंगलवार को शो का प्रोमो जारी कर दिया गया, जो शार्क टैंक के कॉन्सेप्ट की तरह ही कुछ अलग, लेकिन बेहद दिलचस्प है। सोनी टीवी द्वारा शेयर किए गए शार्क टैंक सीजन 2 के प्रोमो में एक सब्जी बेचने वाले की बिजनेस सकिल्स के बारे में दिखाया गया। प्रोमो में एक महिला सब्जी खरीदते हुए नजर आ रही हैं। मोल-भाव करते बात 70 रुपये पर अटक जाती है, तो महिला कहती हैं, 70 रुपये में तो सब्जी का पूरा ठेला ही आ जाएगा। इतने सुनते ही सब्जीवाला, अपने प्रॉफिट, मार्जिन और रेवेन्यू से लेकर पूरा हिसाब-




किताब खड़े-खड़े बता देता है और अंत में ग्राहक से कहता है, उसके बिजनेस का इंवॉल्यूशनल 70 लाख रुपये है, तो इस हिसाब से 70 रुपये में तो वह ठेले की एक इक्विटी भी नहीं खरीद सकती हैं। शार्क टैंक के सीजन 2 में पिछले सीजन से पांच जज वापसी कर रहे हैं, इनमें अनुपम मित्तल (शादी डॉट कॉम के संस्थापक और सीईओ), अमन गुप्ता (बोट के सह-संस्थापक और सीएमओ), नमिता थापर (एमक्योर फार्मास्युटिकल्स की कार्यकारी निर्देशक), विनीता सिंह (शुगर कॉस्मेटिक की सह-संस्थापक और सीईओ), और पीयूष बंसल (लेंसकार्ट डॉट कॉम के संस्थापक और सीईओ) लौट रहे हैं। इनके साथ नए सीजन में कार देखो ग्रुप के सीईओ और फाउंडर अमित जैन नए शार्क के तौर पर जुड़ेंगे। अशनीर ग्रोवर इस सीजन में वापसी नहीं कर रहे हैं, प्रोमो में भी वह नजर नहीं आए। पिछले सीजन में उन्होंने खूब पॉपुलैरिटी हासिल की थी।

# आठवें दिन 'राम सेतु' ने ली 60 करोड़ क्लब में एंट्री, लागत निकालने से बस इतनी दूर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की हालिया रिलीज फिल्म राम सेतु बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ने की पूर कोशिश कर रही है। कछुए की चाल चलकर भी फिल्म ने आठ कर लिया है। इसके साथ ही फिल्म ने 60 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर लिया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन ओपनिंग डे के बाद से फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट देखने सोमवार को कलेक्शन गिरकर 2.70 करोड़ पर पहुंच गया। ट्रेड एनालिस्ट्स के मुताबिक मंगलवार को देशभर में राम सेतु का नेट कलेक्शन 2.90 करोड़ रहा। इसके साथ ही फिल्म की



दिनों में ठीक-ठाक कमाई कर ली है। हालांकि, अक्षय जैसे सुपरस्टार से इससे ज्यादा की उम्मीद की जा रही है। राम सेतु की परफॉर्मेंस को देखकर ऐसा लग रहा है कि बायकॉट के भंवर में फंसा बॉलीवुड अब धीरे-धीरे उबरने की कोशिश कर रहा है। दिवाली के मौके पर रिलीज हुई राम सेतु ने मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर अपने आठ दिनों का सफर तय को मिल रही है। पहले दिन राम सेतु ने देशभर में 15.25 करोड़ का कलेक्शन किया था। जबकि, सातवें दिन फिल्म का कलेक्शन अब तक के सबसे निचले स्तर पर रहा। राम सेतु के आठवें दिन के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने फिल्म ने टिकट खिड़की पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया। रविवार को राम सेतु ने 7.25 करोड़ का कलेक्शन किया था, जबकि कुल कमाई 61.60 करोड़ हो गई है। राम सेतु का अब तक बॉक्स ऑफिस कलेक्शन, अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिज और नुसरत भरूचा स्टारर राम सेतु को अभिषेक शर्मा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में हैवी ग्राफिक्स का इस्तेमाल किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राम सेतु का बजट 150 करोड़ बताया जा रहा है।

# इस तारीख को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी इरफान के बेटे बाबिल खान की डेब्यू फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर समेत कई स्टार किड्स के बॉलीवुड डेब्यू के लिए अक्सर चर्चा में रहते हैं। इन सबके बीच एक और स्टार किड की डेब्यू फिल्म काला की रिलीज डेट … नेटफ्लि… इस फि… टीजर… हैं। मं… घोषणा… गयी। …






के डेब्यू की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। यह हैं दिवंगत एक्टर इरफान के बेटे बाबिल खान, जो जल्द अभिनय की दुनिया में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। बाबिल स्वास्तिका मुखर्जी भी मुख्य स्टार कास्ट में नजर आएंगी।अन्विता दत्ता के निर्देशन में बनी काला साइकोलॉजिकल ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्माण अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा ने किया है। काला में बाबिल के किरदार का नाम जगन है। स्वास्तिका, तृप्ति की मां का रोल निभा रही हैं। किरदारों को लेकर अभी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गयी है। काला पहली दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर दी जाएगी। फिल्म के टीजर पहले भी भी जारी किये गये हैं, जिनमें तृप्ति और स्वास्तिका के किरदारों की झलक मुख्य तौर पर दिखती है। तृप्ति सिंगर की भूमिका में हैं। काला की कहानी एक मां और बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। बचपन की मुश्किलें किस तरह जीवन में दिक्कत पैदा करती हैं, इसको भी नैरेटिव में शामिल किया गया है। बाबिल इसके अलावा यशराज फिल्म्स के पहले ओटीटी प्रोजेक्ट द रेलवे मेन का हिस्सा भी हैं। यह सीरीज 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के दौरान लोगों की जान बचाने वाले गुमनाम नायकों के बारे में है। इस सीरीज का एलान करते वक्त बताया गया था कि यह 2 दिसम्बर से स्ट्रीम की जाएगी।

# तारक मेहता के टप्पू की खून से लथपथ हालत देख घबराए फैंस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते 15 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो के कई ऐसे कलकार हैं, जिन्हें दर्शकों ने छोटे से बड़ा होते देखा है। एक ऐसे ही कलाकार हैं टप्पू। दर्शकों ने टप्पू को उस वक्त किया है। इस वीडियो में राज के कपड़े फटे हुए हैं और उनके पूरे कपड़ों में खून लगा हुआ है। वहीं उनके पूरे चेहरे से खून बह रहा है। उनकी हालत काफी खराब नजर आ रही हैं। अगर आप भी राज की ये हालत देखकर चिंता में आ गए हैं तो बता दें कि आपको परेशान



से पसंद किया है जब वो काफी छोटे थे। शो में टप्पू का किरदार एक्टर राज अनाकद ने प्ले किया है। कुछ दिनों पहले ही राज ने शो को छोड़ा है, लेकिन फैन उन्हें आज भी काफी मिस करते हैं। इसी बीच टप्पू यानी राज का एक वीडियो सामने आया है, जिसने हर किसी को चौंका कर रख दिया। इस वीडियो में राज की खून से लथपथ हालत देखकर आप भी चिंता में आ जाएंगे राज अनाकद ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट होने की जरूरत नहीं है। राज का ये वीडियो पुराना है, जिसे उन्होंने हैलोइन वीक के मौके पर पोस्ट किया है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए राज ने कैप्शन में साफ बताया है कि ये उनका थ्रोबैक वीडियो है। इस वीडियो को उन्होंने पिछले साल 2021 हैलोइन के मौके पर बनाया था। इस दौरान आप देख सकते हैं कि वो मेकअप रूम में हैं और धीरे-धीरे उनके फेस से मेकअप हटाया जा रहा है। राज के इस वीडियो पर लगातार फैंस के रिएक्शन आ रहे हैं।

# नीति टेलर ने 103 डिग्री फीवर में की डांस रिहर्सल, फोटो शेयर कर दिखाई अपनी हालत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कलर्स का डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' सीजन 10 दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस शो में शुरुआत से ही सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट न सिर्फ ट्रॉफी जीतने के लिए, बल्कि गोल्डन चेयर पर बैठकर अगले हफ्ते के



लिए एलिमिनेशन से सुरक्षित होने और पासपोर्ट पर जजेज का ठप्पा पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे। कुछ समय पहले ही जहां गश्मीर महाजन बीमारी से ठीक होकर डांस रियलिटी शो के मंच पर वापस लौटे, तो वहीं अब नीति टेलर ने 103 डिग्री फीवर में भी जमकर डांस परफॉर्मेंस दी और सभी को इम्प्रेस किया। नीति टेलर ने हाल ही में अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक वीडियो शेयर की थी। इस वीडियो में एक्ट्रेस ये बताती हुई नजर आ रही थीं कि उन्होंने 103 डिग्री फीवर में भी कैसे झलक दिखला जा के लिए डांस रिहर्सल्स की। इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 'जब जिंदगी आपको बस के नीचे धकेल दे, उससे ज्यादा गलत और क्या ही होगा'। इसके साथ ही नीति ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक फोटो भी शेयर की, जिसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'चाहे बीमारी हो या अच्छा स्वास्थ्य, कुछ भी चीज अब मुझे रोक नहीं सकती'। वैसे ऐसा पहली बार नहीं है जब नीति ने एकदम हाई फीवर में डांस किया है, इससे पहले वह 'गुलाम' के सेट पर हाई फीवर में पानी के नीचे शूटिंग कर चुकी हैं। आपको बता दें कि नीति टेलर ने बीते हफ्ते अपने परफॉर्मेंस से जजेज को इम्प्रेस करके गोल्डन चेयर हासिल की थी, हालांकि इस हफ्ते वह और उनके कोरियोग्राफर आकाश थापा जजेज को इम्प्रेस करने में कुछ खास सफल नहीं रहे। बीते हफ्ते एपिसोड में जब हुमा कुरैशी और सोनाक्षी सिन्हा जब सेट पर फिल्म 'डबल एक्स एल' के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे, तो उन्होंने माधुरी दीक्षित, रुबीना दिलैक और अमृता खानविलकर के साथ मिलकर नीति और आकाश के साथ गोल्डन चेयर को लेकर ऐसा प्रैंक खेला जिसकी वजह से नीति पूरी तरह घबरा गईं।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा, वरुण धवन से लेकर सुनील शेट्टी तक, ओटीटी पर उतरने वाले हैं ये सितारे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को आये हुए अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है, मगर देखते ही देखते 5-6 सालों में इनका जबरदस्त प्रसार हुआ है और वेब सीरीज से डेब्यू करेंगे, जो अमेरिकन सीरीज सिटेडल का रीमेक है। इस सीरीज में वरुण सामंथा रूथ प्रभु के साथ नजर आएंगे। इरफान खान के बेटे बाबिल काला से ओटीटी पर अपनी पारी हिंट एक वीडियो के जरिए दिया था, जो प्राइम वीडियो के सोशल मीडिया एकाउंट्स से शेयर किया गया था। इसका निर्माण करण जौहर कर रहे हैं और इसकी पृष्ठभूमि 1942 का भारत छोड़ो



मनोरंजन के तीसरे माध्यम के तौर पर उभरे हैं। ओटीटी के इस प्रसार के साथ बॉलीवुड कलाकारों को भी इन नये माध्यम पर आने का मौका मिल गया है और आने वाले समय में तकरीबन हर चर्चित कलाकार ओटीटी पर नजर आने वाला है। सिद्धार्थ रोहित शेट्टी निर्देशित वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से ओटीटी पर आ रहे हैं। यह रोहित के कॉप यूनिवर्स की पहली ओटीटी पेशकश है। रोहित का भी यह ओटीटी डेब्यू कहा जाएगा। सीरीज में शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वरुण राज एंड डीके निर्देशित शुरू कर रहे हैं। बाबिल की यह एक्टिंग करियर की शुरुआत भी है। नेटफ्लिक्स पर आ रही फिल्म में तृप्ति डिमरी और स्वास्तिका मुखर्जी भी लीड स्टार कास्ट में शामिल हैं। करीना सुजॉय घोष की निर्माणाधीन फिल्म से ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में विजय वर्मा और जयदीप अहलावत बेबो के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रहे हैं। इसकी कहानी थ्रिलर नॉवल द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स से ली गयी है। हाल ही में करीना ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। सारा प्राइम वीडियो की वेब सीरीज ए वतन मेरे वतन से ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। वरुण ने इसका आंदोलन है। सारा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के मुख्य किरदार में होंगी। शाहिद राज एंड डीके निर्देशित वेब सीरीज से ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं। इस सीरीज का नाम फर्जी बताया जा रहा है। हालांकि, अभी इसकी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आयी है। सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। सीरीज में विजय सेतुपति, केके मेनन और राशि खन्ना जैसे दमदार कलाकार शाहिद के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। आशिकी 2 एक्टर डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज से ओटीटी पर डेब्यू करेंगे। यह ब्रिटिश थ्रिलर सीरीज द नाइट मैनेजर का रीमेक है। अनिल कपूर भी अहम किरदार निभा रहे हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज द गुड वाइफ से काजोल ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। इस सीरीज में उनका किरदार एक वकील का है। यह एक अमेरिकन कोर्ट रूम ड्रामा का आधिकारिक रीमेक है। एमएक्स प्लेयर की क्राइम वेब सीरीज धारावी बैंक से बॉलीवुड के अन्ना ओटीटी स्पेस में उतरेंगे। इस सीरीज में सुनील के साथ विवेक ओबेरॉय और सोनाली कुलकर्णी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।